दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



टीनएज के लिए .....



मेंस सूट में चाहिए .....

वर्ष : 12 | अंक : 87 | लखनऊ, 20 मार्च, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### विक्रम दोराईस्वामी चीन में भारत के राजदूत



**नई दिल्ली।** 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी विक्रम दोराईस्वामी को चीन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वे अभी ब्रिटेन में भारत के हाई कमिश्नर हैं और उम्मीद है कि वह जल्द ही यह काम संभाल लेंगे। दोराईस्वामी 1992 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। उससे पहले, उन्होंने एक साल तक पत्रकारिता की।

### एयरबस सौदे में पूर्व राष्ट्रपति को दी रिश्वत



**कोलंबो।** श्रीलंका की अदालत में बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को एयरबस सौदे के तहत 6 करोड़ श्रीलंकाई रुपए की घूस दी गई थी। यह दावा 2017 के एयरबस मामले में मुख्य आरोपी कपिला चंद्रसेना ने किया। वर्ष 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय एयरलाइन के सीईओ रहे चंद्रसेना को पिछले सप्ताह इस मामले में गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

### ईद पर टीटीपी का भी हमले रोकने का ऐलान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अस्थायी संघर्ष विराम के बाद प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह ने ईद के मद्देनजर तीन दिन तक हमले न करने की घोषणा की। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने कहा कि लोगों को ईद मनाने देने के लिए संघर्ष विराम किया गया है।

### छग के मित्तल बने पीएमओ में उप सचिव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और 2016 बैच के आईएएस डॉ. रवि मित्तल को केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से चार वर्षों की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

### यूट्यूबर एल्विश पर एफआईआर खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। नवंबर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था।

### दुलारचंद हत्याकांड में अनंत को मिली बेल



**मोकामा।** यहां के विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें चर्चित दुलारचंद यादव हत्या मामले में जमानत दे दी गई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करते हुए यह निर्णय सुनाया।

---

### 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम हुआ, भारत को इस क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बनना होगा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (जीआईएससी) के 14वें संस्करण और एडीटीआई चैलेंज का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं।

#### छोटे उद्योगों को सप्लाई चेन से जोड़े



जीआईएससी के 14वें संस्करण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है।

#### एंटी-ड्रोन तकनीक महत्वपूर्ण

राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है। इसलिए भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक ऐसा ईकोसिस्टम तैयार करना होगा, जिसमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हों। हमें ड्रोन के हर पुर्जे को भारत में ही बनाना होगा। ड्रोन का ढांचा (मोल्ड), सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी सब कुछ स्वदेशी होना चाहिए।

#### भारत ड्रोन का ग्लोबल हब बने

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सुरक्षा और रणनीतिक मजबूती के लिए हमें ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर होना ही पड़ेगा। सरकार का लक्ष्य है कि साल 2030 तक भारत स्वदेशी ड्रोन निर्माण का दुनिया में सबसे बड़ा केंद्र (ग्लोबल हब) बन जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मिशन में सरकार हर संभव मदद और सहयोग देगी।

#### रक्षा मंत्रालय को मिला नवनिर्मित भवन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने नवनिर्मित कार्यालय में प्रवेश किया है। यह कार्यालय रक्षा मंत्रालय के नए भवन में है। रक्षा मंत्रालय का यह भवन कर्तव्य भवन-2 में स्थित है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कार्यालय अत्याधुनिक प्रशासनिक परिसर है।

#### रोबोटिक्स विनिर्माण का तरीका बदल रही

राजनाथ सिंह ने आधुनिक तकनीकों जैसे ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग का तरीका बदल रही हैं।

---

### उत्तराखंड में मौसम का बदला मिजाज

## केदारनाथ और बदरीनाथ में बर्फबारी निचले इलाके में बारिश, तापमान गिरा



बर्फ से ढंका केदारनाथ धाम

अमन लेखनी समाचार/ देहरादून

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गुरुवार को बर्फबारी हुई जबकि निचले व मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बदरीनाथ व केदारनाथ में बर्फबारी हुई जबकि नंदा देवी, फूलों की घाटी, त्रिशूल और अन्य ऊपरी इलाकों में तड़के से ही भारी बर्फबारी हो रही है।

उन्होंने बताया कि कई निचले इलाकों में भी बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई। हर्षिल, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे उत्तरकाशी जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि जिले के अनेक स्थानों पर भी बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई।

#### 7 जिलों में 'यलो अलर्ट'

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। 7 जिलों हरिद्वार, उधम सिंह नगर, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। वहीं उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में भी तेज हवाओं के साथ मौसम बिगड़ सकता है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। आने वाले एक-दो दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट हो सकती है।

---

### धार्मिक स्थलों की कर रहे थे रेकी

## पाक गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए 'जासूसी' करते दो युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ हापुड़



पुलिस की गिरफ्त में दो युवक

थाना धौलाना, एटीएस मेरठ व आईबी दिल्ली की संयुक्त टीम ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए जासूसी करने वाले दो युवकों को मुगल गार्डन स्थित गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर के निर्देश पर दोनों भारत में संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर रहे थे। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जिनमें राष्ट्र विरोधी चैट, फोटो, वीडियो और लोकेशन डेटा मौजूद पाए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तार थाना धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलैहड़ा का अजीम राणा और जिला मेरठ के थाना भावनपुरा के गांव जई का आजाद राजपूत है। दोनों आरोपियों के खिलाफ खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ा मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि दिसंबर 2025 से वह शहजाद भट्टी से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और वाट्एप के जरिए जुड़े हुए थे।

---

### भारतीय सेना ने मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया

## बबीना रेंज में 'अमोघ ज्वाला' युद्धाभ्यास संपन्न

अमन लेखनी समाचार/झांसी

बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास बुधवार को संपन्न हो गया। इस अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने अपनी मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया, जिसमें तकनीक से लैस टैंकों को दौड़ाया गया और हेलिकॉप्टरों ने हमलावर होने की स्थिति में प्रदर्शन किया। सेना के अधिकारियों ने इसे मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं के सत्यापन का अभ्यास बताया।

थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बल का निर्माण आवश्यक

युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी



बबीना रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास करते टैंक और हेलिकॉप्टर

#### प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें: एलजी सेठ

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें। संयुक्तता और थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष, खुफिया निगरानी तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) क्षमताओं का निर्बाध एकीकरण एक चुस्त, अनुकूलनीय और युद्ध के लिए तैयार बल के निर्माण के लिए मूलभूत हैं। उन्होंने कहा कि यह बल बहु-क्षेत्रीय अभियानों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में विकसित होते युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने में सक्षम होगा।

#### अभ्यास का अवलोकन किया

#### युद्ध तत्परता के लिए सैनिकों को दी बधाई

भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने 6 से 18 मार्च 2026 तक बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में इस 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास का संचालन किया था।



इसका मुख्य उद्देश्य बहु-क्षेत्रीय परिचालन वातावरण में प्रौद्योगिकी आधारित मशीनीकृत युद्धक्षमताओं का सत्यापन करना था। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने अभ्यास के समापन का अवलोकन किया। उन्होंने भाग लेने वाले सैनिकों को उनकी व्यावसायिकता, परिचालन उत्कृष्टता और युद्ध तत्परता के लिए बधाई दी।

---

### पश्चिम बंगाल चुनाव: भाजपा ने दूसरी सूची में 111 उम्मीदवारों का किया ऐलान

# रूपा गांगुली को सोनपुर दक्षिण, प्रमाणिक को माथाभांगा तो छेत्री को कलिम्पोंग से उतारा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए दूसरी लिस्ट में 111 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इस लिस्ट में 19 महिलाओं का नाम है। इससे पहले पहली लिस्ट में 144 प्रत्याशियों की घोषणा की थी। सूची के अनुसार पूर्व सांसद रूपा गांगुली को सोनपुर दक्षिण विधानसभा सीट, पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक को माथाभांगा विधानसभा सीट, हॉकी के पूर्व खिलाड़ी भरत छेत्री को कलिम्पोंग विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा भाजपा ने दार्जिलिंग से नोमन राय को पार्टी ने से उम्मीदवार बनाया है। इसी सूची में पहली लिस्ट में घोषित किए गए बिष्णुपुर (एससी) सीट के प्रत्याशी में बदलाव की जानकारी भी दी है। अब बिष्णुपुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने विस्वजीत खान को उतारा है। भाजपा ने जॉयपुर सीट पर बिस्वजीत महतो के नाम का ऐलान किया।

**19** महिलाओं को भी बनाया प्रत्याशी

#### दार्जिलिंग से नोमन राय लड़ेंगे बिष्णुपुर सीट पर बदला प्रत्याशी



निशीथ प्रमाणिक



रूपा गांगुली



भरत छेत्री

#### कमरहाटी से अरूप चौधरी, हिंगलगंज से रेखा

सूची के अनुसार चोपड़ा से शंकर अधिकारी, बैरकपुर से कौस्तव बागची, कमरहाटी से अरूप चौधरी, हिंगलगंज से रेखा पात्रा, एंटली से प्रियंका टिबरेवाल, मानिकतला से तापस रॉय चुनाव लड़ेंगे। सूची के अनुसार मेक्लिगंज से दधिराम रॉय, मदारीहाट से लक्ष्मण लिम्बु, धुपगुड़ी से नरेश चंद्र रॉय, मयनागुड़ी से कौशिक रॉय, जलपाईगुड़ी से अनंत देब अधिकारी को प्रत्याशी बनायाहै। पार्टी ने सबिता बर्मन को इटाहार, रतन दास को हरिशचंद्रपुर, राजू कर्माकर को बैष्णवनगर से लड़ेंगे।

#### सुवेंदु ने भवानीपुर में भाजपा के लिए प्रचार अभियान किया शुरू

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को दक्षिण कोलकाता की



बहुचर्चित भवानीपुर विधानसभा सीट से भाजपा के लिए चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस सीट पर उनका मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी से है। वे सुबह कोलकाता पहुंचे और चकबेरिया रोड की ओर रवाना हुए, जहां उन्होंने भाजपा के भवानीपुर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और एक रैली निकाली।

#### भाजपा के टिकट पर लड़ेंगी आरजी कर रेप पीड़िता की मां

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बेरहमी से रेप और मर्डर हुआ था, जिससे पूरे राज्य में हंगामा मच गया था। अब पीड़िता की मां को भाजपा बंगाल चुनाव में उम्मीदवार बना सकती है। उसकी मां ने मीडिया से गुरुवार को बात करते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा से बात की है।

## 'सोशल इंजीनियरिंग' पर जोर, जालुकबारी से हिमंता तो दिसपुर से बोरदोलोई को टिकट

#### असम में 88 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

गुवाहाटी। असम विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सत्ताधारी भाजपा ने अपनी पहली बड़ी चाल चल दी है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा की है कि भाजपा के केंद्रीय संसदीय बोर्ड ने 88 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को हरी झंडी दे दी है। इस सूची में केवल धेमाजी जिले की 'सिसिबोरगांव' सीट को अभी होल्ड पर रखा गया है। सरमा ने कहा कि इस बार पार्टी ने टिकट बंटवारे में असम के सामाजिक ढांचे का भी पूरा ख्याल रखा है। दिसपुर सीट से प्रद्युत बोरदोलोई को टिकट दिया गया है। पहली सूची में ही बोरदोलोई का नाम है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा राज्य की जालुकबारी सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसमें 6 महिला उम्मीदवारों के नाम हैं। भूपेन कुमार बोरा को बिहपुरिया सीट दी है।



हिमंत सरमा



प्रद्युत बोरदोलोई

#### सहयोगियों के लिए 26 सीटें छोड़ी

असम की राजनीति में गठबंधन का समीकरण हमेशा निर्णायक रहा है। सरमा ने कहा कि भाजपा ने अपने पुराने साथी असम गण परिषद के लिए 26 सीटें छोड़ी हैं। एजीपी नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री की अहम बैठक हुई, जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि एजीपी और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट भी अपने उम्मीदवारों की सूची जल्द ही सार्वजनिक कर देंगे।

---

### केरल हाईकोर्ट ने रद्द की श्वेता पर एफआईआर

## बिना सबूत महिला के चरित्र पर सवाल सामाजिक हिंसा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि बिना किसी आधार के किसी महिला के चरित्र पर लांछन लगाना 'सामाजिक हिंसा का एक खतरनाक रूप' है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब कोई समाज किसी महिला की उपलब्धियों के बजाय उसकी इमेज पर ज्यादा ध्यान देता है, तो इससे उसकी अपनी बौद्धिक दरिद्रता उजागर होती है।जस्टिस सीएस डियास की ये टिप्पणियां तब आईं, जब उन्होंने मलयालम फिल्म अभिनेत्री श्वेता मेनन के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया।

#### शिकायत के समय पर भी उठाया सवाल

एफआईआर रद्द करने की उनकी याचिका को मंजूर करते हुए कोर्ट ने कहा कि शिकायत दर्ज करने का समय साफ तौर पर इसके दुर्भावनापूर्ण और परेशान करने वाले इरादे की ओर इशारा करता है। कोर्ट ने यह भी माना कि शिकायत, एफआईआर, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और संबंधित कानूनों का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि उन पर लगाए गए अपराध साबित नहीं होते हैं बल्कि ये आरोप मेनन के नाम और प्रतिष्ठा को धूमिल करने के किसी छिपे हुए मकसद से लगाए गए थे। किसी महिला के चरित्र पर बिना किसी आधार या ठोस वजह के लांछन लगाना सामाजिक हिंसा का एक बहुत घातक रूप है, क्योंकि जहां एक ओर ऐसी बातें कहना बेहद आसान होता है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

## निजी संपत्ति में नमाज अदा करने पर कोई कानूनी रोक नहीं रहेगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक फैसले पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी निजी संपत्ति के भीतर धार्मिक सभा या नमाज अदा करने पर




कानूनन कोई प्रतिबंध नहीं है। कोर्ट ने बदायूं जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे एक निजी परिसर में स्थित मस्जिद में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज पढ़ रहे लोगों के कार्य में कोई हस्तक्षेप न करें या कोई अड़चन ना डालें। यह आदेश बदायूं के निवासी अलिशेर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया गया। याचिकाकर्ता ने गुहार लगाई थी कि उसकी संपत्ति के एक हिस्से में वक्फ मस्जिद रजा स्थित है। अलिशेर का आरोप था कि अधिकारी वहां शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करने से रोक रहे हैं।

# नौ साल में बदला उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर का चेहरा

- एक्सप्रेसवे से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी तक ऐतिहासिक छलांग
- एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, जलमार्ग और औद्योगिक कॉरिडोर से विकास को नयी रफ्तार

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले सीमित इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी चुनौतियों से जूझता उत्तर प्रदेश, बीते 9 वर्षों में तेजी से बदलकर आज देश के उभरते लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक हब के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, जलमार्ग और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के व्यापक विस्तार ने न केवल विकास की रफ्तार को नई दिशा दी है, बल्कि निवेश, निर्यात और रोजगार के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व संभावनाओं के द्वार खोले हैं। आने वाले वर्षों में यही बुनियादी ढांचा प्रदेश को देश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख इंजन बनाने की आधारशिला साबित होगा।

वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास सीमित दायरे में था। प्रदेश में केवल 2 एक्सप्रेसवे संचालित थे और कनेक्टिविटी का दायरा अपेक्षाकृत कमजोर था। औद्योगिक विकास के लिए बड़े स्तर पर योजनाबद्ध भूमि चिह्नांकन और कॉरिडोर आधारित विकास की गति धीमी थी। लॉजिस्टिक्स लागत अधिक होने और परिवहन में समय लगने के कारण उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी प्रभावित होती थी।

एविएशन सेक्टर में भी सीमित विस्तार था और प्रदेश का उपयोग बड़े निवेश गंतव्य के रूप में अपेक्षाकृत कम होता था। जलमार्ग और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी की दिशा में भी कोई बड़ा प्रभावी ढांचा विकसित नहीं हुआ था। पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। जहां 2017 में केवल 2 एक्सप्रेसवे थे, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 22 तक पहुंच गई है। इनमें 7 संचालित, 5 निमार्णाधीन और 10 प्रस्तावित एक्सप्रेसवे शामिल हैं। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा अब उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है।

इन एक्सप्रेसवे के किनारे 26 जनपदों के 27 स्थानों पर लगभग 5,300 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक विकास के लिए चिन्हित की गई है। साथ ही बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर 47 वर्षों बाद एक नए औद्योगिक शहर की नींव रखी गई है, जिससे 56,662 एकड़ क्षेत्र में बहुआयामी विकास को गति मिली है। निर्यात के क्षेत्र में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय सुधार किया है। ह्यएक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स 2024 में उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 2022 में यह सातवें स्थान पर था। लैंडलॉक्ड राज्यों में प्रदेश का प्रथम स्थान इसकी नीतिगत मजबूती को दशार्ता है। लॉजिस्टिक्स सेक्टर में सुधार के चलते परिवहन समय में कमी आई है और लागत घटी है, जिससे उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ी है और निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है। जल, थल और नभ तीनों क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया गया है।

वाराणसी में देश का पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल स्थापित किया गया है, जबकि रामनगर, चंदौली, मीरजापुर और गाजीपुर में टर्मिनल और फ्रेट विलेज विकसित किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण में तेजी लाते हुए औसतन 19 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। एविएशन सेक्टर में भी बड़ा विस्तार हुआ है। वर्तमान में 16 हवाई अड्डे संचालित हैं, जिनमें 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे शामिल हैं, जबकि 8 हवाई अड्डे प्रक्रियाधीन हैं। आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक हब बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद प्रदेश देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे होंगे, जिससे वैश्विक कनेक्टिविटी और निवेश को नई दिशा मिलेगी। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के विस्तार, एक्सप्रेसवे नेटवर्क के और सुदृढ़ीकरण तथा औद्योगिक कॉरिडोर के विकास से प्रदेश में लॉजिस्टिक्स लागत और कम होगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। निर्यात उन्मुख नीतियों, निवेश अनुकूल वातावरण और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल देश का प्रमुख निवेश केंद्र बनेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी गति देगा।

# काकोरी में लुटेरों का आतंक: दो जगह वारदात, बाइक, नकदी व मोबाइल लूटे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में बुधवार रात लुटेरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर बाइक सवारों को निशाना बनाते हुए मारपीट कर नकदी, मोबाइल और बाइक लूट ली। हमले में दोनों पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना गोलाकुंवा के पास रात करीब 10 बजे हुई। रहीमाबाद के अटेर निवासी सुमित तिवारी (32), जो गोमतीनगर में रहकर नौकरी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, बीमार होने के कारण अपने गांव जा रहे थे। ठंड लगने पर जैसे ही उन्होंने बाइक रोकी, पीछे से आए चार बदमाशों ने हमला कर दिया। विरोध करने पर उनके सिर पर वार कर मोबाइल व बाइक लूटकर फरार हो गए। दूसरी वारदात समदा चौकी क्षेत्र के मौंदा में रात करीब साढ़े 10 बजे हुई। मौंदा निवासी मनोज रावत खेत से घर लौट रहे थे। पेट्रोल पंप के पास रुकने पर तीन बदमाशों ने लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें बेहोश कर दिया और तीन हजार रुपये, मोबाइल व बाइक लूटकर भाग निकले।

## परीक्षा छूटी

पीड़ित सुमित ने बताया कि बाइक की डिग्गी में रेलवे ग्रुप-डी परीक्षा का प्रवेश पत्र व जरूरी दस्तावेज थे, जो लूट लिए गए। इसके चलते वह गुरुवार को परीक्षा नहीं दे सके। इस संबंध मे इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के अनुसार, घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और सर्विलांस टीम की मदद से बदमाशों की तलाश जारी है।

# एनएसएस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने किया सेवा कार्य......

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित काशीश्वर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल समापन हो गया। यह शिविर 13 मार्च 2026 से 19 मार्च 2026 तक आयोजित किया जिसमें करीब 100 स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने समाजसेवा के विभिन्न कार्य करते हुए न केवल अपने दायित्वों का निर्वहन किया बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता भी दिखाई। कार्यक्रम भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने सड़क मार्गों की साफ-सफाई मंदिर परिसर की सफाई तथा विद्यालय मैदान में पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई जैसे कार्य किए इसके साथ ही 18 मार्च को आयोजित सत्र में क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य एवं योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। वही कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश शासन की विशेष कार्याधिकारी श्रीमती मंजू सिंह उपशिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल श्रीमती रेखा दिवाकर के निर्देशन में हुआ इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी कार्यक्रम अधिकारी जगविनय सिंह एवं नेहा त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। समापन समारोह में विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार मिश्र प्रवक्ता रितेश कुमार मिश्र, मुकेश मिश्र, ज्ञानेंद्र प्रसाद शुक्ल, शिव शंकर बाजपेयी व रविआनंद मिश्र राकेश कुमार, सतीश चंद्र यादव सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# माँ गंगा पर टिप्पणी को लेकर सपा प्रमुख पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का तीखा प्रहार

**माँ गंगा को राजनीति से दूर रखने की अपील, सपा प्रमुख के बयान पर विधायक ने जताई कड़ी आपत्ति**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। माँ गंगा के संबंध में सपा प्रमुख द्वारा हाल ही में दिए गए बयान पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, माँ गंगा भारत की आत्मा हैं। सनातन परंपरा में उनका स्थान केवल एक नदी का नहीं, बल्कि मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी शक्ति के रूप में है। ऐसे पवित्र विषयों को राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था और सनातन मयार्दाओं पर सीधा प्रहार है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील है। उन्होंने आगे कहा, यह वही सोच है जिसने पहले भी रामभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई, राम मंदिर का विरोध किया, और अब माँ गंगा की पवित्रता को राजनीति का साधन बनाने का प्रयास कर रही है। यह लगातार सनातन परंपराओं को कमजोर करने की मानसिकता को दशार्ता है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्पष्ट किया कि माँ गंगा किसी भी प्रकार की राजनीति का विषय नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की श्रद्धा और आस्था का आधार हैं। उन्होंने कहा, यह केवल एक बयान नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं का अपमान है। ऐसी असंवेदनशीलता समाज में विभाजन पैदा करती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

देशवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा, समय आ गया है कि हर हिंदू अपनी आस्था के सम्मान के लिए मुखर हो। देश की जनता ऐसी सोच और राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी, जो हमारी परंपराओं और आस्था का अपमान करे। अंत में उन्होंने कहा, माँ गंगा का सम्मान और उनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# विपरीत दिशा में जा रहे बाइक सवार की मौत, अज्ञात वाहन चालक फरार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। किसान पथ पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। विपरीत दिशा में जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के दुलारमऊ के पास यह हादसा उस समय हुआ, जब कानपुर देहात के अकबरपुर निवासी 45 वर्षीय राज नारायण बाइक से चिनहट की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह बाइक लेकर गलत दिशा में चल रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राज नारायण उछलकर डिवाइडर से जा टकराए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तुरंत मदद के लिए पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर डीके सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन के जरिए की गई, जिसके बाद परिजनों को सूचना दे दी गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि बाइक सवार हेलमेट पहने होते, तो संभवतः उनकी जान बच सकती थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# दुष्कर्म का वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**छिपकर रह रहा था आरोपी, पुलिस ने ठिकाने से दबोचकर भेजा जेल**

अमन लेखनी समाचार



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म वारंटी

लखनऊ। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रहीमाबाद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दुष्कर्म और धमकी जैसे गंभीर आरोपों में वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक के मुताबिक, न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को सूचना के आधार पर ग्राम सरैया (मवई कला) में छापेमारी की गई, जहां से अभियुक्त महेंद्र (लगभग 40 वर्ष), निवासी दिरपालखेड़ा, थाना औरास, उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाना बदलकर रह रहा था। हालांकि, सटीक सूचना और रणनीति के चलते पुलिस ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# चैत्र नवरात्रि पर मां सरस्वती व महाकाली की भव्य मूर्ति स्थापना

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। पावन चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर गुरुवार को मोहनलालगंज कस्बा स्थित श्री कालेबीर बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धा भक्ति और उल्लास के बीच मां सरस्वती एवं मां महाकाली की मूर्तियों की विधि-विधानपूर्वक स्थापना की गई पूरे आयोजन ने क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ हुआ श्रद्धालु राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं डॉ० सोनम यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय) ने अपने परिजनों के साथ आचार्य के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन किया इसके उपरांत मां दुर्गा की प्रतिमा के समीप मां सरस्वती एवं मां महाकाली की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। मंत्रों की पवित्र ध्वनि और श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ० अजय पाण्डेय ह्यसत्यमह्ल, कालेबीर मंदिर सेवादार समिति के प्रबंधक देवेंद्र पाण्डेय, सुधाकर दीक्षित, अजय कुमार दीक्षित (मोहन), विजय कुमार द्विवेदी, नवेंदु दीक्षित, शालिकराम यादव, रामकिशोर यादव, डॉ० प्रमोद शुक्ल, सभासद सोनू शर्मा, भव्य, राहुल पाल, सत्यम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मां के जयकारों के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया। मूर्ति स्थापना के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वही पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा, जिससे क्षेत्र में धार्मिक माहौल और भी अधिक प्रगाढ़ हो गया।

# रामचौरा गाँव में निःशुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र के गौरी स्थित हीरालाल यादव लॉ कॉलेज द्वारा गुरुवार को रामचौरा गाँव में निःशुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज की विधिक सहायता समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क विधिक परामर्श उपलब्ध कराना रहा। शिविर में मौजूद अधिवक्ताओं व विधि विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, उपभोक्ता अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, भूमि विवादों के समाधान सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने सरल भाषा में कानून के प्रावधानों को समझाया, जिससे ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मिली। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को विशेषज्ञों के सामने रखा। अधिवक्ताओं ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कानूनी सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर प्रबंध निदेशक इंजीनियर अनुराग, प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. एकता यादव, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. जय प्रकाश सिंह, शिवांगी सिंह, अधिवक्ता राम कुमार मिश्रा, ममता श्रीवास्तव, अजय कुमार दूबे सहित छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद रहे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# तरौना में कुत्ता आतंक के साए में जिंदगी, महिलाओं ने उठाया आत्मरक्षा का संकल्प

अमन लेखनी समाचार



कुत्तों के लिए मुस्तैद महिला

लखनऊ। रहीमाबाद के तरौना गांव में इन दिनों खौफ का एक ऐसा साया पसरा है, जिसने ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को बदलकर रख दिया है। आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। बुधवार शाम यह डर एक बार फिर हकीकत बनकर सामने आया, जब शौच के लिए घर से निकली महिला रामकली पर अचानक कुत्ते ने हमला कर दिया। रामकली की चीख-पुकार ने गांव में सनसनी फैला दी। आसपास मौजूद लोग बिना देर किए लाठी-डंडे लेकर दौड़े और कुत्ते को खदेड़ दिया। हालांकि, तब तक कुत्ता उनके पैर में गहरा घाव दे चुका था। घटना के बाद गांव में दहशत और गुस्सा दोनों साफ नजर आए। ग्रामीण बताते हैं कि यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि लगातार बढ़ती समस्या का हिस्सा है। कुछ ही समय पहले इन्हीं कुत्तों ने अंशिका नाम की मासूम बच्ची की जान ले ली थी। पिछले दो हफ्तों में कई लोग इनके हमलों का शिकार हो चुके हैं। इस भय के बीच गांव की महिलाओं ने अब चुप न रहने का फैसला किया है। कलावती, रामरानी और रागिनी कहती हैं कि अब वे डरकर घरों में नहीं बैठेंगी, बल्कि लाठी-डंडा लेकर बाहर निकलेंगी और अपनी सुरक्षा खुद करेंगी। तरौना की यह तस्वीर सिर्फ एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ती समस्या की ओर इशारा है, जहां आवारा पशु अब लोगों की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि गांव को इस कुत्ता आतंक से राहत मिल सके।

# निगोहां पुलिस ने किया त्यौहारों पर फ़्लैग मार्च

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां थानाक्षेत्र में गुरुवार को महापर्व नवरात्र व ईद त्योहार से पहले निगोहां पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया जिसमें थानाध्यक्ष निगोहां सहित भारी संख्या में पुलिस के जवानों ने भाग लिया। वही यह मार्च निगोहां कस्बे में नगराम मोड भगवानपुर बाजार सहित क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का संदेश देने के लिए किया गया साथ ही कस्बे में हाईवे पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए चेतावनी भी दी गई नवरात्र व ईद के मौके पर पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने आमजन को बताया कि वे किसी भी अफवाह से दूर रहें और केवल सत्यापित जानकारी पर विश्वास करें क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत, आक्रोश में सड़क जाम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र के पकरीपुल पर बुधवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने देर रात सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। पकरी सेक्टर-एच निवासी 68 वर्षीय रमेश चौधरी, जो गवर्नमेंट प्रेस से सेवानिवृत्त थे, बुधवार रात करीब नौ बजे सब्जी मंडी से साइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। वंश क्लीनिक के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह साइकिल से उछलकर करीब 20 फीट दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल बुजुर्ग को तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर फैलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों ने पकरीपुल चौराहे पर जाम लगाकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के अनुसार, मृतक के बेटे अभिषेक की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से तीन लोग घायल ,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से घायल हुए एक ही परिवार के तीन लोगों के मामले में पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायल हो गए। बिजनौर के रहीमाबाद निवासी सुनील कुमार के मुताबिक बीती 12 मार्च की शाम करीब 6 बजे उनकी माता सावित्री देवी, भाई मुकेश और पत्नी अपनी बाइक से बिजनौर चौराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सफेद-नीले रंग के एक ई-रिक्शा चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। आरोप है कि घटना के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बाद में घायलों का पास के अस्पताल में इलाज कराया गया।

## संक्षेप

### माह ऐ रमजान के आखिरी सप्ताह में मस्जिदों में नमाज अदा की गई

पुरवा, उन्नाव। माह ऐ रमजान के मुबारक महीना के अंतिम सप्ताह पर मस्जिदो में कुरआन पाक की तिलावत कर तरावीह नमाज अदा कर कुरआन पाक मुक्कमल हुई। नगर के विभिन्न मोहल्लों की मस्जिदो में उलमाओं द्वारा माह ऐ रमजान के पाक महीने में कुरआन पाक की तिलावत कर तरावीह नमाज अदा कराई गई जिसमें पीराशाह की जामा मस्जिद, बस स्टाप, वजीरगंज, खानजादा, छब्बयन टोला, दलीगढी, जिंवाबाडी, शीतलगंज, मियाटोला, हटिया रोड, आदि मस्जिदो में उलमाओं द्वारा कुरआन पाक मुक्कमल कराई गई। इस दौरान उलमाओं में हाफिज गुलाम वारिस, हाफिज सईद, हाफिज मोनिस रजा, हाफिज मुस्लमिन, हाफिज फय्याज खान, मेराज अहमद, उजैर खान, सादाब अहमद, इरफान खान, इमरान खान, फरहान खान, आदि रहे। वहीं मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती ने बताया कि पाक रमजान के महीने में रोजे, नमाज, तरावीह पढ़ने के साथ साथ गरीबों, मजलूमों, बेसहारों, लाचारों, यतीमों की मदद करने का सही मौका रहता है। और मुल्क हिंदुस्तान में अमन चैन की दुआ की जाती है। इस अवसर अकील अहमद मेला प्रबंधक, वसीम अहमद मेला उपप्रबंधक, शहनवाज, सुन्नी, नूरुल, चांद खान, हसनैन, ताज खांन, अखलद, राज खान, बाबू भाई, आदि लोग रहे।

### पुरानी रंजिश दबंगो ने की मारपीट

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सगवर अन्तर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को पीट दिया।पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव चिलौली निवासी धर्मेन्द्र पुत्र श्री राम गौतम शनिवार सुबह अपने दरवाजे पर बैठा था उसी समय पड़ोस के सतीश पुत्र बिन्दा दयाल गौतम पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे मना करने पर डंडे से मारने लगे इसी बीच सतीश का भाई अशोक उसकी पत्नी सुमन पिता बिंदा दयाल सब मिलकर धर्मेंद्र को राड डंडे से पीटने लगे। गाँव के कुछ लोगो के आ जाने पर वे लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया पीड़ित का मेडिकल करा मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विद्युत करंट की चपेट से महिला झुलसी

उन्नाव। चमरौली में कपड़े धो रही एक महिला को करंट लग गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बाबाखेड़ा मजरा चमरौली निवासी श्रीप्रकाश की पत्नी सीमा अपने घर में नल पर कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान नल में लगे मोटर में अचानक करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से सीमा घायल होकर बेसुध हो गईं। परिवार के सदस्यों ने बिना देर किए निजी साधन से उन्हें सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रही है।

# नवरात्रि के प्रथम दिन माता रानी के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जय माता दी के जयकारों के साथ गुरुवार को नवरात्र के पहले दिन जिले भर के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना में जुट गए। व्रत रखने वालों ने व्रत रखा और बाजारों में पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। व्रत रखने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। नवरात्र के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। पुजारियों के अनुसार मां शैलपुत्री को सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अपर्णा, गौरी, महेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी और पर्वतवासिनी सहित कई नामों से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पूर्व जन्म में सती ने यज्ञ में अपमानित होने पर अग्नि में कूदकर देह त्याग दी थी और अगले जन्म में शैलराज की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। शुक्लागंज के राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। सीमा, मोनिका और कंचन ने बताया कि वे हर साल नवरात्र में व्रत रखती हैं। उन्होंने पहले ही पूजन सामग्री खरीद ली थी और सुबह घर में कलश स्थापना के बाद मंदिर पहुंचीं। यहां दर्शन के लिए उन्हें काफी देर तक लाइन में लगना पड़ा। नवरात्र शुरू होते ही बाजार में पूजन सामग्री के दाम बढ़ गए हैं। पांच रुपये की चुनरी 15 रुपये में, नारियल 25 की जगह 35 रुपये और कलश 20 की जगह 30 रुपये में बिक रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि व्रत और पूजा से जुड़ी सामग्री खरीदना अब महंगा हो गया है। जिले के गौरी शंकर मंदिर, आदिबद्री स्थित माता मंत्रा देवी मंदिर और श्री हनुमान दुर्गा मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नवरात्र के उपलक्ष्य में मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है और भजन-कीर्तन का दौर भी जारी है। नवरात्र में व्रत रखने वालों को इस बार महंगाई का असर झेलना पड़ रहा है। पिछले साल की तुलना में नारियल, फल-फूल, चुनरी, कूटू और सिंघाड़े के आटे के दाम सवा से डेढ़ गुना तक बढ़ गए हैं। नारियलः 40 रुपये तक चुनरीः 50 से 150 रुपये मखानाः 130 रुपये/100 ग्राम कूटू आटाः 120 रुपये/किलो सिंघाड़ा आटाः 150 रुपये/किलो साबूदानाः 80 रुपये/किलो फूल मालाः गुलाब 50, गेंदा 30 रुपये नवरात्र से पहले 120 रुपये किलो बिकने वाले फल अब और महंगे हो गए हैं। केला 40 से बढ़कर 70 रुपये, सेब 120 रुपये, अंगूर 100 रुपये और संतरा 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है।

# एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, एंटी भू-माफिया, आपदा प्रबंधन तथा चकबंदी से संबंधित कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर विकास, वन विभाग, अलौह खनन, कृषि विपणन के अंतर्गत मंडी समिति उन्नाव, पुरवा व बांगरमऊ तथा सिंचाई विभाग द्वारा की गई राजस्व वसूली की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ विभागों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। इस पर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन न्यायालयों में पांच वर्ष से अधिक समय से वाद लंबित हैं, उनकी प्रतिदिन सुनवाई कर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को वादों के निस्तारण में गंभीरता दिखाने और अनावश्यक लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करने को कहा। बैठक में जनपद के 10 बड़े बकायेदारों की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को उनके विरुद्ध की जा रही कार्रवाई से उच्च अधिकारियों को नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। आपदा प्रबंधन की समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा से जुड़े मामलों में रिपोर्ट भेजने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि आपदा संबंधी मामलों में जनपद में तैनातआपदा विशेषज्ञ विनय तिवारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रभावित लोगों को समय पर राहत मिल सके। बैठक में जनपद के कुछ गांवों में चल रही चकबंदी प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई और कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विधेश, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूल में लगे बच्चों को लाने ले जाने वाले कई वाहनों के फिटनेस फेल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में अनफिट स्कूली वाहन बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। उप संभागीय परिवहन कार्यालय में पंजीकृत 838 स्कूली वाहनों में से लगभग 150 वाहन ऐसे हैं जिनकी फिटनेस फेल हो चुकी है, लेकिन वे अभी भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं या स्क्रैप नहीं किए गए हैं। जिले में पांच सौ से अधिक विद्यालय संचालित होते हैं। इन स्कूलों के बच्चों को लाने-ले जाने के लिए कुल 838 स्कूली वाहन परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं। नियमानुसार, इन सभी वाहनों को निर्धारित सुरक्षा मानकों और नियमित फिटनेस जांच से गुजरना अनिवार्य है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत वाहनों में से करीब 150 वाहन ऐसे हैं जिनकी आयु 15 वर्ष से कम होने के बावजूद उनकी फिटनेस जांच में वे फेल हो चुके हैं। इसका अर्थ है कि ये वाहन तकनीकी रूप से सड़क पर चलने के योग्य नहीं हैं। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि ये अनफिट वाहन वर्तमान में स्कूलों द्वारा संचालित नहीं किए जा रहे हैं। हालांकि, सवाल यह भी उठता है कि यदि ये वाहन उपयोग में नहीं हैं, तो उन्हें स्क्रैप क्यों नहीं कराया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे वाहन कभी भी नियमों को दरकिनार कर सड़कों पर उतर सकते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस संबंध में एआरटीओ प्रवर्तन संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 150 ऐसे वाहन चिन्हित किए गए हैं जिनकी फिटनेस फेल है, जबकि उनकी आयु सीमा अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालकों से बात कर इन वाहनों की स्थिति की जांच कराई जाएगी। एआरटीओ सिंह ने स्पष्ट किया कि जो वाहन फिटनेस योग्य नहीं पाए जाएंगे, उनका चेचिस नंबर जमा कराकर स्क्रैप की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी अनफिट वाहन सड़क पर चलता हुआ पाया गया, तो संबंधित स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के चलाया गया विशेष अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए 'मिशन शक्ति फेज-5' अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चैत्र नवरात्र के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार, 19 मार्च 2026 को थाना बारासगवर क्षेत्र में स्थित माँ चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर फ्रॉड), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 181 (महिला सहायता) शामिल हैं। टीम ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। साथ ही, साइबर अपराधों से बचने के उपायों पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। थाना बारासगवर पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा और सम्मान से संबंधित किसी भी शिकायत पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

# चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर में हिंदू नव संवत्सर (विक्रम संवत) और चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की गूंज और ₹जय श्रीराम₹ के उद्घोष से पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने नगर के मुख्य मार्गों पर जनसंपर्क किया। उन्होंने व्यापारियों और आमजन को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान, उन्होंने संस्था ₹नर सेवा-नारायण सेवा₹ के पदाधिकारियों के साथ मिलकर लोगों को तिलक लगाया और भगवा अंगवस्त्र भेंट किए। विमल द्विवेदी ने कहा कि चैत्र प्रतिपदा से शुरू होने वाला हिंदू नव संवत्सर हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और समाज व राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने का आह्वान किया। ढोल-नगाड़ों की थाप से पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। व्यापारियों और राहगीरों ने भी इस पहल का स्वागत किया और एक-दूसरे को नववर्ष की बधाइयां दीं। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सह संयोजक राकेश राजपूत, ऐके दीक्षित, राजेश कुमार मिश्रा, सुजीत सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, योगेंद्र तिवारी, केतन अवस्थी, राजेंद्र राजपूत, आलोक शुक्ला, अंशुल सिंह चंदेल, आदर्श पांडे, आरबी सिंह, अंकुर त्रिपाठी, गुलशन सैनी और शिव सेवक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी व सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# धनुष भंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ेवा में परंपरागत रूप से होने वाले धनुष भंग कार्यक्रम में कानपुर से आए कलाकारों ने धनुष वाटिका प्रसंग से लेकर राम की जयमाला का सुंदर मंचन किया। धनुष भंग कार्यक्रम के बीच-बीच में लघु नाटिकाओं के माध्यम से लोगों को संदेश भी दिया।देने का भी प्रयास किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान योगेंद्र प्रताप सिंह को 3 दशक तक कार्यक्रम में योगदान देने के लिए उन्हें समिति द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। पुष्प फाउंडेशन क मानवेंद्र सिंह ने कहा कि राम भारतीय जनमानस के रोम रोम में बसे हैं राम एक आदर्श पुरुष हैं राम का चरित्र यदि जीवन में उतार लिया जाए तो मानव का जीवन सुंदर सुखमय बन जाता है। राम आदर्श भाई, मातृ पितृ भक्त व कुशल राजा के रूप में हैं। धनुष भंग कार्यक्रम का शुभारंभ वाटिका में सीता और राम के मिलन से होता है। सीता जी राम जी को देखकर राम जी के प्रति प्रेम प्रकट होता है वही राम भी सीता के प्रति आकर्षित होते हैं। सीता गौरी मंदिर में पूजन करते समय मां गौरी से राम को वर के रूप में मांगती हैं। भगवती गौरी आशीर्वाद देती हैं कि

मनु जाहिं राच्यो मिलिही सो बरु सहज सुंदर सांवरों।

जनक द्वारा सीता का विवाह धनुष तोड़ने वाले के साथ किए जाने की प्रतिज्ञा को सोचकर सीता मन ही मन दुखी होती हैं। रावण बाणासुर जैसे वीर बलवान भी धनुष को तोड़ना तो दूर तिल भर हटा भी नहीं सके। राजाओं से भरी सभा में आक्रोशित होकर जनक कहते हैं

तजहुं आस निज निज गृह जाहू,
लिखा न विधि वैदेहि विवाहू।

लक्ष्मण क्रोधित होकर जनक को फटकारते हैं और कहते हैं कि

कहीं जनक जस अनुचित बनी
विद्यमान रघुकुल मनि जानी।

विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम धनुष को तोड़ देते हैं और सीता राम के गले में जयमाला डालती हैं। धनुष टूटने की आवाज सुनकर महेंद्र पर्वत से परशुराम जी मिथिला पहुंचते हैं और जनक से पूछते हैं कि शिव जी का धनुष किसने तोड़ा

कहु जड़ जनक धनुष कै तोड़ा।

परशुराम लक्ष्मण का संवाद देखकर लोग रोमांचित हो जाते हैं। परशुराम राम को ब्रह्म जानकर स्तुत कर पुनः महेंद्र के पर्वत चले जाते हैं सीताराम का विवाह होते ही लोग जय जयकार करने लगते हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत जैसे लघु नाटिकाओं के माध्यम से कलाकारों ने प्रेरक प्रसंगों की प्रस्तुतियां दी। राम का अभिनय सौरभ अवस्थी, लक्ष्मण का अंकित शुक्ला, परशुराम का शिव लखन शुक्ला, विश्वामित्र का रामराज सिंह, जनक का संदीप शर्मा, रावण का अनुराग पांडे, कौशिक का वीरू सिंह चौहान, बाणासुर का अभिनय प्रशांत शुक्ला ने किया। व्यास पीठ पर पारस त्रिवेदी, तबला वादक नरेश सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रदीप शुक्ला, पप्पू सिंह, मुन्ना सिंह , राममिलन सिंह, सुधीर सिंह , संतोष सिंह, सोनू सैनी, पूरन सैनी , आनंद शुक्ला, उमाशंकर लोधी, हुकुम सिंह, ज्ञानी यादव, विकास सिंह आदि रहे।

# दो बहनों के रूप में पूजित हैं माता दुर्गा-कुशेहरी, आस्था का अद्भुत धाम

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। क्षेत्र में स्थित माँ दुर्गाझ्कुशेहरी धाम आस्था, इतिहास और लोकमान्यताओं का अनूठा संगम है। यहाँ माँ दुर्गा और माँ कुशेहरी को दो सगी बहनों के रूप में पूजा जाता है, जिनके दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु वर्षभर आते हैं, जबकि नवरात्र और चैत्र पूर्णिमा पर यहाँ विशाल मेला लगता है।

नवाबगंज से करीब तीन किलोमीटर दूर कुसुम्भी गांव में स्थित माँ कुशेहरी का प्राचीन मंदिर हजारों वर्ष पुराना माना जाता है। मान्यता है कि इस स्थल की स्थापना भगवान राम के पुत्र कुश ने की थी, जो लव के साथ माता सीता की स्मृति से जुड़ा हुआ है।

### लव-कुश और सीता से जुड़ी है मान्यता

किंवदंती के अनुसार, लव-कुश को अपनी माता सीता के बारे में जानकारी नहीं थी और वे संध्या के समय उनकी आराधना करते थे। माता सीता के धरती में समाने के बाद, जब वे श्रीराम के साथ अश्वमेध यज्ञ पूर्ण कर लौट रहे थे, तो इसी स्थान पर रात्रि विश्राम किया। तभी कुश ने मिट्टी से माता सीता की प्रतिमा बनाकर पूजा की और उसी की स्थापना कर इसे कुशेहरी नाम दिया। इसके बाद ही कुसुम्भी गांव बसा।

मंदिर परिसर में आज भी कसौटी पत्थर पर एक ही छत्र के नीचे घोड़े पर सवार लव-कुश की आकृति बनी है, जिसे पुरातत्वविद हजारों वर्ष पुराना बताते हैं।

### माता दुर्गा की बड़ी बहन के रूप में पूजित कुशेहरी

नवाबगंज स्थित प्राचीन माँ दुर्गा मंदिर में देवी को कुशेहरी की बड़ी बहन के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि भगवान परशुराम ने सहस्त्रबाहु पर विजय पाने के लिए यहाँ माँ दुर्गा की आराधना की थी और शक्ति प्राप्त कर उसका वध किया था। इसी कारण दोनों देवियों को संयुक्त रूप से ह्यमाता दुर्गा-कुशेहरी के नाम से जाना जाता है।

### नर्तकी ने कराया मंदिर का पुनर्निर्माण

करीब 1850 के आसपास मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ। जनश्रुति के अनुसार, नवाब वाजिद अली शाह के समय के चकलेदार ठाकुर प्रसाद की एक प्रसिद्ध नर्तकी ह्यभूलनेह्न लकवे (फालिस) से पीड़ित हो गई थी। उसने माँ कुशेहरी में आस्था रखकर प्रार्थना की और चमत्कारी लाभ मिलने पर विशाल प्रांगणयुक्त मंदिर का निर्माण कराया तथा मूर्ति को टीले से उठाकर मंदिर में स्थापित कराया।

### मछलियों को दाना डाले बिना अधूरे माने जाते हैं दर्शन

मंदिर के सामने स्थित विशाल पक्का सरोवर गऊधार झील से जुड़ा है। मान्यता है कि सरोवर में मछलियों को दाना (चुनाई) डाले बिना माता के दर्शन पूर्ण नहीं होते। सरोवर में बने दोहरे कुएं और इसका कभी न सूखने वाला जल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है।

### रंग बदलता है शिवलिंग

मंदिर परिसर में भगवान शिव के दो प्राचीन शिवालय हैं। इनमें स्थापित एक शिवलिंग के बारे में श्रद्धालुओं का मानना है कि उसका रंग समय-समय पर बदलता रहता है, जो इसे और भी रहस्यमयी बनाता है।

### कुँवारी कन्या के रूप में होती है पूजा

माँ कुशेहरी को कुँवारी कन्या के रूप में पूजा जाता है। मंदिर में पंचदेव भी विराजमान हैं और वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। विशेष पर्वों पर यहाँ भव्य धार्मिक आयोजन और मेले का आयोजन होता है, जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

# प्रतियोगी परीक्षा में पास कराने के नाम पर ठग ने की ठगी फेल होने पर युवक ने मौत को लगाया था गले

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवक को जालसाज ने अपनी ऊंची पकड़ का झांसा देकर प्रतियोगी परीक्षा में पास कराने के बदले ऐंठे रुपए रिजल्ट आने पर जब वह पास नही हुआ तो ठग से रुपए वापस मांगे जिस पर उसने टाल मटोल कर आश्वासन की घुट्टी पिलानी शुरू कर दी जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर ली युवा पुत्र की मौत के सदमे से उबरे परिजनों ने मौत के कारणों की जब छानबीन शुरू की तो मोबाइल ने खोले राज पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को मोबाइल के स्क्रीन शाट के साथ शिकायती प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की सहायक पुलिस अधीक्षक / कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने आरोपी जालसाज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराकर उसकी तलाश शुरू कराई...मामला सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सफीपुर के मोहल्ला सराय सूबेदार पूर्वी निवासी हसनगंज तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव के 24 वर्षीय पुत्र सलिल श्रीवास्तव उर्फ अमन की मौत से जुड़ा है जिसे सराय सूबेदार पूर्वी स्टेशन रोड निवासी शिव शंकर पुत्र रामकुमार वर्मा ने सलिल श्रीवास्तव द्वारा दी गई कनिष्क सहायक परीक्षा की टाइपिंग में पास कराने के लिए लगातार पांच लाख रुपया मांग रहा था अमन ने अपनी मां एवम पिता से इसके लिए जालसाज शिवशंकर को मिलवाया जिन्होंने उसे रुपया देने से यह कहकर इन्कार कर दिया की नौकरी मिलने पर उसकी डिमांड पूरी की जाएगी एवम दस हजार रुपए अधिक दिए जाएंगे लेकिन बेरोजगारी का दंश झेल रहा अमन उसके झांसे में आकर धीरे धीरे अपने नजदीकी लोगो से रुपए लेकर शिवशंकर को देने लगा परिजनों को इसकी भनक नही लगी लेकिन जब 26 फरवरी 2026 को टाइपिंग का परिणाम निकला जिसमे वह फेल हो गया तो उसने जालसाज शिवशंकर से अपने सारे पैसे वापस मांगे तो उसने जुलाई में फाइनल रिजल्ट आने की बात कहकर टाल मटोल करने लगा जिससे अमन मानसिक अवसाद में रहने लगा 5 मार्च को उसने जहर खा लिया जिसका सात मार्च सुबह हैलट अस्पताल कानपुर में निधन हो गया...युवा पुत्र की मौत के सदमे से निकले राजस्व निरीक्षक ने अपने पुत्र की मौत के लिए जिम्मेदार जालसाज शिवशंकर को मानते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक /प्रशिक्षु आईपीएस कोतवाली प्रभारी संचित शर्मा एवम सुब्रत नारायण त्रिपाठी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देखकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाइ सहायक पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत कर विवेचना शुरू करते हुए नामित जालसाज की तलाश शुरू कराई सूत्र बताते है लंबे अरसे से जालसाज शिवशंकर क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को अपनी ऊंची पहुंच का भरोसा देते हुए नौकरी का झांसा देकर युवकों को ठगी का शिकार बनाता रहा है इसके गिरोह में अन्य सदस्य भी हो सकते है जिसका खुलासा विस्तृत जांच एवम विवेचना से होने की संभावना है...सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस संचित शर्मा के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर सुब्रत नारायण त्रिपाठी एवम विवेचक एसआई संजीव तोमर की पुलिस टीम जालसाज गिरोह का खुलासा करने में कामयाब होगी ऐसी उम्मीद क्षेत्रवासी कर रहे है जिससे अन्य कोई युवक इनके झांसे में आकर आत्म हत्या करने को विवश न हो इस बात से भी इन्कार नही किया जा सकता जालसाज के गिरोह में कई प्रभावशाली भर्ती संस्थानों से जुड़े लोग भी शामिल हो सकते है।

# मंदिर परिसर से धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। बस्ती के प्राचीन माता मंदिर व सलेमपुर भागतबाबा मंदिर से गुरुवार 11 बजे धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर से होते हुए सई नदी पुल तक गई। जहां पर पूजन कर यात्रा बस्ती में मुख्य मार्ग पर डीजे पर भक्ति गाने बजाते हुए व माता जी की जयकारे लगाते हुए नाचते हुए मंदिर तक पहुंचे। जहां कलश मंदिर में रखकर पूजा शुरू हुई। आयोजक कीर्तन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 23 मार्च को मंदिर में हनुमान जी, भैरव बाबा और नवदुर्गा माता जी की मर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर पप्पू गुप्ता, खुनखुन सिंह, मिलन पांडेय, संजय सिंह, ओपी सिंह, मनोज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अखिल गुप्ता समेत सैकड़ों महिला पुरुष भक्त मौजूद रहे।

# अवैध बिजली कनेक्शन का मामला गरमाया, फौजी परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के भगवंतनगर क्षेत्र में बिना विधिक अनुमति के लगाए गए विद्युत कनेक्शन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में अब एक फौजी परिवार सामने आया है, जिसने विद्युत विभाग के एक अवर अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला खसरा संख्या 263, पाटन रोड, धानी खेड़ा स्थित भवन से जुड़ा है, जहां भवन स्वामिनी श्रीमती प्रेमा देवी ने विभाग को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, इस भवन पर वर्ष 2008 से एक वैध बिजली कनेक्शन पहले से संचालित है, जबकि वर्ष 2023 से एक अन्य कनेक्शन भी विधिवत चल रहा है। आरोप है कि इसी परिसर में बिना स्वामी की जानकारी और बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) के किसी सुनीता नामक व्यक्ति के नाम पर एक नया बिजली कनेक्शन जारी कर दिया गया, जिसका मीटर नंबर ढ010535905 बताया जा रहा है। परिवार की ओर से इस मामले की शिकायत 9 मार्च 2026 को संबंधित एसडीओ कार्यालय में की गई, जिसके बाद विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त कनेक्शन को काट दिया और मीटर को हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब फौजी अभिषेक कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी बूढ़ी मां को विद्युत विभाग के अवर अभियंता, धानीखेड़ा क्षेत्र में तैनात अभ्यास श्रीवास्तव, द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लगभग 1 लाख रुपये के गलत बकाया बिल के बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए नया कनेक्शन जारी कर दिया गया। फौजी अभिषेक कुमार का कहना है किः बिना किसी वैध दस्तावेज और NOC के नया कनेक्शन दिया गया बकाया होने के बावजूद नियमों का उल्लंघन किया गयाविभागीय अधिकारी द्वारा पक्षपातपूर्ण और गलत तरीके से कार्य किया गया इस पूरे प्रकरण में पहले से ही संबंधित विद्युत कनेक्शनों का मामला जिला प्रशासन और विभाग के उच्च अधिकारियों के स्तर पर विचाराधीन बताया जा रहा है। इसके बावजूद नया कनेक्शन जारी किया जाना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित परिवार ने मांग की है किःअवैध रूप से जारी कनेक्शन को स्थायी रूप से निरस्त किया जाएबिना ठडउ कनेक्शन जारी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त जांच हो अवर अभियंता अभ्यास श्रीवास्तव को तत्काल हटाया जाएगलत बिल की जांच कर उसे निरस्त किया जाएफिलहाल विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मामले में विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सम्पादकीय

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।



चुनाव
राज कुमार सिंह

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है।

पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढहना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।


ग्लोबल वार्मिंग
ऋतुपर्ण दवे



# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना।

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखी

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।



## ऑफ बीट

### पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में अलग होते हैं

पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं।



## ट्रेंड

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा मे सराहनीय कार्य कर रहे है। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री



### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं

होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निधारित समझौता" नही है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके है। -**एस जयशंकर**, विदेश मंत्री



### जमीनी हकीकत अलग

पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नही होते। -**मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस, अध्यक्ष



### देश में ईंधन संकट का डर

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नही रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। -**संजय सिंह**, सांसद आप



## संक्षेप

### 10 दिन बाद कब्र से निकाला गया महिला का शव

**मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका, पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा**

अमेठी, मोहनगंज थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मायके पक्ष की शिकायत के बाद प्रशासन ने 10 दिन बाद कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान तहसीलदार और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। यह पूरा मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे हिरई मजरे खरगपुर गांव का है। यहां के निवासी इम्तियाज अहमद की बहन रुकसाना का विवाह करीब 15 वर्ष पहले शुक्लापुर गांव निवासी अल्ला वासिद के बेटे अकील से हुआ था। दंपति की एक 10 वर्षीय पुत्री सारा भी है। परिजनों के अनुसार, रुकसाना कई वर्षों से बीमार चल रही थी और उसका इलाज भी जारी था। बताया जा रहा है कि 7 और 8 मार्च की रात रुकसाना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने मायके वालों को सूचना दिए बिना आनन-फानन में शव को घर के सामने स्थित बाग में दफना दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के भाई इम्तियाज अहमद ने हत्या की आशंका जताते हुए जिलाधिकारी से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर सोमवार दोपहर नायब तहसीलदार अमीषा यादव और कोतवाल राकेश सिंह की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ कब्र खुदवाई गई। कब्र से महिला का शव बाहर निकाला गया। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### क्रिटिकल कॉरिडोर पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**सड़क हादसों पर लगेगी लगाम, घायलों को मिलेगा इलाज, कारणों की भी जांच**

अमेठी , सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और घायलों को 'गोल्डन ऑवर' में त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिले में 'क्रिटिकल कॉरिडोर' पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत पुलिस की टीमें दुर्घटना संभावित इलाकों में तैनात रहेंगी। दुर्घटना होने पर ये टीमें तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाएंगी। इसके साथ ही, दुर्घटना के कारणों की गहन जांच भी की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अमेठी पुलिस को अब और अधिक हाईटेक और मुस्तैद बनाया जाएगा। जिले के चार प्रमुख थानों - मोहनगंज, अमेठी, जगदीशपुर और गौरीगंज को इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। गठित 'क्रिटिकल कॉरिडोर टीम' अपने चिन्हित थाने के 20 किलोमीटर के दायरे में 24 घंटे सक्रिय रहेगी। इस टीम का मुख्य उद्देश्य केवल हादसे के बाद त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करना नहीं है, बल्कि दुर्घटना के कारणों की वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग स्तर पर समीक्षा करना भी है। इसका लक्ष्य भविष्य में उन 'ब्लैक स्पॉट्स' पर हादसों को रोकना है। प्रत्येक टीम में एक सब इंस्पेक्टर, एक हेड कॉन्स्टेबल और तीन कांस्टेबल तैनात किए गए हैं

# रूपईडीहा एसएसबी ने नाबालिग को तस्करों से बचाया, तस्कर को नेपाल पुलिस को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सतर्कता दिखाते हुए एक नाबालिग लड़की को संभावित मानव तस्करी से बचा लिया। यह कार्रवाई रुपईडीहा चेक पोस्ट पर नियमित जांच के दौरान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 मार्च को एसएसबी की बीआईटी टीम और मानव तस्करी रोधी इकाई (अळळव) द्वारा चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग और फ्रिस्किंग की जा रही थी। इसी दौरान रात करीब 9:15 बजे नेपाल से एक नेपाली लड़का और एक नेपाली लड़की सीमा पार कर रुपईडीहा पहुंचे। पूछताछ में दोनों ने स्वयं को भाई-बहन बताया और लड़की ने कहा कि वह बाजार से सामान लेकर तुरंत नेपालगंज लौट जाएगी। हालांकि, दोनों के बयानों में विरोधाभास मिलने पर एसएसबी को संदेह हुआ। गहन पूछताछ में लड़के ने खुलासा किया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध है और वे हिमाचल प्रदेश के मंडी जाने की योजना बना रहे थे। आगे की जांच में पता चला कि लड़की एक सप्ताह पहले अपने घर से भागकर नेपालगंज में रह रही थी। लड़की द्वारा दिए गए परिजनों के संपर्क नंबर पर बातचीत करने पर पुष्टि हुई कि उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नेपाल के हेटौडा थाने में दर्ज है और परिजनों ने उसे रोकने का अनुरोध किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए समवाय प्रभारी रुपईडीहा ने मानव तस्करी रोधी इकाई और देहात इंडिया नामक एनजीओ की उपस्थिति में दोनों से विस्तृत पूछताछ कराई। प्रथम दृष्टया मामला मानव तस्करी से जुड़ा प्रतीत होने पर एसएसबी ने नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचाते हुए नेपाल के एनजीओ ह्यशांतिपूर्ण स्थापना गृह को सुपुर्द कर दिया, जबकि संदिग्ध लड़के को आगे की कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसएसबी की इस तत्परता से एक बड़ी घटना टल गई।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ की बैठक

**पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति के दिये गये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील सभागार नानपारा में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने तहसील क्षेत्र अन्तर्गत संचालित समस्त गैस एजेन्सियों के प्रबन्धकों के साथ आयोजित बैठक में दो टूक शब्दों में सचेत किया कि गैस वितरण में शासन द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन सुनिश्चित करें। गैस वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने गैस एजेन्सी संचालकों को सुझाव दिया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करें। गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए संचालकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक एजेंसी पर ई-केवाईसी, सिलेंडर बुकिंग तथा उपभोक्ता पूछताछ के लिए अलग-अलग काउंटर अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि एजेंसी परिसर में एक स्पष्ट एवं बड़ा बैनर लगाया जाए, जिसमें नियम, सेल्स ऑफिसर का नाम, मोबाईल नम्बर, एरिया मैनेजर का नाम, मोबाइल नम्बर, टोल-फ्री नंबर तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को एक नजर में ही सही जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि राजकीय विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों एवं अन्य शासकीय संस्थानों से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर ऑयल कंपनी से स्वीकृति प्राप्त कर नियमानुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संस्थानों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर व नवाबगंज तथा गैस एजेंसियों के प्रबंधक एवं सहायक मौजूद रहे।

## रुपईडीहा में नववर्ष पर निकला भव्य पथ संचलन, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में हिंदू नववर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083) के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, रुपईडीहा की ओर से भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नगरवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। पथ संचलन में कन्या भारती एवं छात्र संसद के भैया-बहनों ने घोष (बैंड) के साथ अनुशासित रूप से भाग लिया। वहीं नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत भारत माता, मां सरस्वती, महाराणा प्रताप, महाराजा विक्रमादित्य, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, लव-कुश तथा महारानी दुर्गावती की आकर्षक झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था आदर्श थाना रुपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पूरी तरह चाक-चौबंद रही। प्रभारी निरीक्षक द्वारा पथ संचलन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य अनुज कुमार सिंह, आचार्य-आचार्या बहनें, नगर पंचायत के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## रुपईडीहा में सफाई व्यवस्था बदतर, चारों तरफ लगे है कूड़े के अंबार, लोगो की बढ़ी चिंता

**आगामी त्यौहार ईद उल फितर पर नगर की सफाई के लिए लोगों ने की मांग**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में बृहस्पतिवार को भी अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव के बीच चल रहे मामले में सहमति न बन पाने के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। इसके चलते पूरे कस्बे में कूड़े के अंबार लग गए हैं और नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग, मुख्य बाजार, सेंट्रल बैंक चौराहा, चकिया चौराहा, बजाज मार्केट, रामलीला चौराहा सहित कई स्थानों पर गंदगी का ढेर लगा हुआ है। पिछले एक सप्ताह से सफाई कार्य प्रभावित होने के कारण स्थिति लगातार बद से बदतर होती जा रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार से नवरात्र का पावन पर्व शुरू हो चुका है और शुक्रवार को अलविदा की नमाज व शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार भी है। ऐसे में दोनों प्रमुख त्योहारों के बीच सफाई व्यवस्था ठप होना स्थानीय नागरिकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मामले की जानकारी जिलाधिकारी समेत सभी उच्च अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं किया गया है। केवल बैठकों का दौर चल रहा है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत कार्यालय रुपईडीहा में सभासदों ने अध्यक्ष से मुलाकात कर जल्द से जल्द विवाद का समाधान कर सफाई व्यवस्था सुचारु कराने की मांग की। नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों में समन्वय स्थापित कराने और तत्काल सफाई कार्य शुरू कराने की अपील की है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो रुपईडीहा की हालत और भी खराब हो सकती है, जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और त्यौहारों में भी कस्बे में गंदगी का अंबार लगा रहेगा।

## शोक संतृप्त परिजनों से मिले विधायक रामनिवास वर्मा

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने बुधवार शाम रायगंज गांव का दौरा किया। उन्होंने हाल ही में दो दुखद घटनाओं में जान गंवाने वाले परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के वैवाही चौकी अंतर्गत रायगंज गांव में सोमवार को बालक अनुज कुमार डूब गया था। उसका शव मंगलवार को बरामद हुआ, जिसके बाद बुधवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। इसी गांव में मंगलवार को प्रताप नारायण वर्मा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। विधायक वर्मा ने उनके परिजनों से भी मिलकर शोक व्यक्त किया। विधायक रामनिवास वर्मा अपने प्रतिनिधि हरिहर वर्मा, मनीष वर्मा और संबंधित कर्मचारियों के साथ शाम करीब 6 बजे रायगंज पहुंचे। उन्होंने शोक संतृप्त परिवारों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिया। श्री वर्मा ने ग्रामीणों को यह भी आश्वासन दिया कि नदी कटान से प्रभावित रास्तों पर जल्द ही खड़ंजा और इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाएगा।



## गैस सिलेंडर के लिए 200 मीटर लंबी लाइन

**तेज धूप में खड़े सैकड़ों लोग, प्रशासन अफवाहों से बचने की अपील कर रहा**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पर्याप्त आपूर्ति के दावों के बावजूद, इंडेन गैस एजेंसी के बाहर 200 मीटर से अधिक लंबी लाइनें देखी जा रही हैं। सैकड़ों लोग तेज धूप में सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इन लाइनों में बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं सभी शामिल हैं। यह स्थिति तब है जब अमेठी में ही गैस का बॉटलिंग प्लांट मौजूद है। उपभोक्ताओं को घंटों तक कतार में खड़े रहना पड़ रहा है। पिछले करीब 20 दिनों से जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति खराब बनी हुई है। हालांकि, अमेठी जिला प्रशासन गैस की प्रचुर मात्रा उपलब्ध होने का दावा कर रहा है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रहा है। कई उपभोक्ता ऐसे हैं जो पिछले कई दिनों से सिलेंडर के लिए आ रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। लोग देर रात से ही लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने मौके पर पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस की निगरानी में उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, उन्हें ऊपर से जितना लोड मिल रहा है, उसे उपभोक्ताओं में बांटा जा रहा है, लेकिन जिले में गैस सिलेंडरों की वास्तविक आवश्यकता इससे कहीं अधिक है।

## रक्तदान में सक्रिय भूमिका निभा रहे ओम प्रकाश

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। जनपद बहराइच में रक्तदान और समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय 16 बार रक्तदान की भूमिका निभा रहे ओम प्रकाश वर्मा को उनके इस उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान आगामी 22 मार्च 2026 को आगरा में संकल्प मानव सेवा संस्था (रजि.) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से चयनित समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है जिसमें बहराइच जनपद के ब्लॉक नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत इमामनगर गडरहवा निवासी छोटूपुरवा निवासी ओम प्रकाश वर्मा का चयन विशेष रूप से उनके रक्तदान एवं सामाजिक सेवा कार्यों को देखते हुए किया गया है। समाजसेवी डॉ दुर्गेश वर्मा, अरविन्द वर्मा, रमेश सोनकर, विनोद गिरि, अजीत सिंह सहित अन्य लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सचिन जायसवाल को मिली नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता

**प्रशासनिक सेवा में जाकर देश सेवा करने का इरादा**

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदनपुर निवासी सचिन जायसवाल उर्फ सूर्या ने नवोदय की प्रवेश परीक्षा पास कर सफलता प्राप्त की है। उनकी इस सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है। आपको बताते चले कि पिछले दिनों पूरे जिले में नवोदय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसका परिणाम घोषित हुआ जिसमें सचिन ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी शैक्षणिक छमता का प्रर्दशन किया। सचिन के पिता एडवोकेट वंश गोपाल जायसवाल व माता मुन्नी देवी जायसवाल ने बताया कि सचिन की रुचि पढाई में अच्छी है। परीक्षा में सचिन को पच्चीसवीं रैंक हासिल हुई है। वहीं सचिन ने बताया कि माता पिता और गुरुजनों की कृपा से नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता मिली है प्रशासनिक और खेल के क्षेत्र में मैं करियर बनाना चाहता हूं। सचिन की सफलता से उनके साथ पढ़ने वाले विद्यार्थियों में भी खुशी की लहर है।

# सिपाही ने हॉस्पिटल में बहन के प्रेमी की हत्या की

**अलीगढ़ में सिर में गोली मारी; शादी में पहुंचकर हंगामा किया था**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , अलीगढ़ में सिपाही ने बहन के प्रेमी की अस्पताल में घुसकर हत्या कर दी। सिपाही ने रात अपने साथी के साथ प्रेमी के सिर पर तमंचा सटाया और फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनकर अस्पताल में चीख-पुकार मच गई। हमलावर दहशत फैलाने के लिए बाहर निकलते समय भी फायरिंग करते रहे। फिर बाहर खड़ी अपनी बाइक पर बैठकर भाग गए। इलाज के दौरान दोपहर प्रेमी की मौत हो गई। पुलिस की जांच में वारदात को अंजाम देने वालों में एक पीएसी का जवान और दूसरा पुलिस में सिपाही है। दोनों आपस में ममेरे भाई हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस ने मथुरा की रहने वाली युवती के पिता देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। वह बागपत में सिपाही के पद पर तैनात है। वहीं, मृतक वेदपाल एएमयू के छात्र नेता सोनपाल का सगा भाई था। घटना क्वार्सी थाना क्षेत्र के पॉश इलाके मैरिस रोड स्थित रेनुका अस्पताल में हुई।

### 5 साल से चल रहा था अफेयर

खैर थाना के अहरौला गांव में वेदपाल रहता था। उसका मथुरा के गोविंदनगर की एक लड़की के साथ पिछले 5 साल से अफेयर चल रहा था। युवती का परिवार पुलिस विभाग से जुड़ा हुआ है। उसके पिता, भाई और चचेरे भाई सभी पुलिस और पीएसी में तैनात हैं। घरवाले बेटी और वेदपाल के रिश्ते के खिलाफ थे। घरवालों ने 3 फरवरी को लड़की की शादी राया में तय कर दी, तो वेदपाल वहां विरोध करने पहुंचा गया था। उस वक्त लड़की के घरवालों ने वेदपाल की पिटाई कर दी थी। इससे उसका हाथ टूट गया था। इस मामले में वेदपाल को 15 दिन तक मथुरा जेल में भी रहना पड़ा था। इस बीच घरवालों ने लड़की की दूसरी जगह शादी कर दी थी।

## शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मोहनलालगंज चुनाब गंज मार्ग पर बुधवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क दुर्घटना में मृत युवक का शव गांव जैसे ही पहुंचा गांव में मातम सा छा गया सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरेहटा अचली निवासी ठेगी सिंह 52 वर्ष बुधवार की शाम लगभग 6:00 बजे बाइक के द्वारा अपने गांव से प्रतिदिन की भांति नौकरी करने जा रहे थे अभी वह गांव से मात्र कुछ दूर पर ही पहुंचे थे कि खसरवारा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई बंथरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के समय मृतक हेलमेट लगाये था बृहस्पतिवार दोपहर लगभग 1:00 के आसपास शव जैसे ही गांव पहुंचा परिजनो में कोहराम मच गया मृतक ठोकी सिंह के पुत्र शुभम और सत्यम का रो-रोकर बुरा हाल था ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की बड़े बेटी की शादीएक माह पूर्व लालगंज बरहा गांव में हुई थी घटना की जानकारी पाकर सभी रिश्ते दारों का जमावड़ा घर पर लगा रहा ठेगी सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही माने जाते थे घटना की सूचना पाकर भाजपा नेता सरनाम सिंह ने पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भागू सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवती प्रसाद रावत सहित हजारों की संख्या में लोग पहुंचे

## पारिवारिक कलह से ऊबकर अधेड़ ने गोली मारकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत अधेड़ युवक ने पारिवारिक अनबन के कारण तमंचे से कनपटी पर गोली मार आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गढेवा निवासी रणधीर सिंह 55 वर्ष पुत्र राम जियावन कुछ दिनों से पारिवारिक कारणों से काफी तनाव में रह रहे थे। गुरुवार शाम करीब 6 बजे अवैध तमंचे से अपनी कनपटी पर गोली मार ली। परिजनों द्वारा तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहा उनकी मौत हो गयी। तमंचे से गोली मार आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस अनभिज्ञता जाहिर कर रही है। दिवंगत के एक पुत्र निर्भय व एक पुत्री कोमल है। पत्नी मालती सहित पुरा परिवार रो रो कर बेहाल है।

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कार्रवाई

**दो अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 25 किलो गांजा बरामद**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बीठलपुर पट्टी क्षेत्र के पास से दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से करीब 25 किलोग्राम गांजा, एक कार और कुछ नकदी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार गौतम (39) के रूप में हुई है, जो अंतपुर थाना मांधाता, प्रतापगढ़ का निवासी है और वर्तमान में बवाना, दिल्ली में रहता है। दूसरा आरोपी मेहराज पुत्र इरशाद है, जो जैथरा, एटा का निवासी है और दल्लूपुरा, दिल्ली में रहता है। पुलिस पूछताछ में रोहित गौतम ने बताया कि वह दिल्ली में किराए पर कार चलाता था। इसी दौरान उसकी पहचान गांजा तस्करी करने वाले कुछ लोगों से हुई। बाद में उसकी मुलाकात मेहराज से हुई और दोनों ने मिलकर ओडिशा से गांजा लाकर एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में बेचने की योजना बनाई। योजना के तहत, 12 मार्च को दोनों एक कार से ओडिशा पहुंचे। वहां उन्होंने गजपति जिले के मोहाना क्षेत्र से स्थानीय लोगों से गांजा खरीदा और उसे कार में लोड कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान प्रतापगढ़ पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। मेहराज ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में कबाड़ी का काम करता है। रोहित के कहने पर उसने गांजा खरीदने के लिए पैसों का इंतजाम किया था। वह इस गांजे को दल्लूपुरा और आसपास के क्षेत्रों में बेचने वाला था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि रोहित गौतम वर्ष 2023 में मैनपुरी में भी गांजा तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

# संक्षेप

## गैंगस्टर एक्ट में चार दोषी करार

### 10 साल की सजा, तीन अन्य को 7 साल

बागपत, गैंगस्टर अधिनियम के तहत एक चर्चित मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। मुख्य आरोपी अजीत उर्फ हप्पू को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अदालत ने अजीत उर्फ हप्पू को 10 वर्ष की कारावास और ?50,000 के अर्थदंड से भी दंडित किया है। उसके तीन साथियों विकास, प्रवेश उर्फ हैप्पी और दीपक को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास के साथ ?30,000-?30,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह मामला वर्ष 2017 से संबंधित था। पुलिस दस्तावेजों के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। गिरोह के सदस्य हत्या जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने, गवाहों को धमकाने और मुकदमों में गवाही न देने के लिए दबाव बनाने के लिए कुख्यात थे। यह गिरोह अवैध हथियारों के बल पर आम जनता में भय और आतंक का माहौल बनाकर अवैध आर्थिक और भौतिक लाभ प्राप्त करता था। उनके खौफ के कारण कई लोग उनके खिलाफ खुलकर गवाही देने से कतराते थे। एडवोकेट इंद्रपाल ने बताया कि पुलिस और अभियोजन विभाग की मजबूत पैरवी तथा साक्ष्यों की प्रभावी प्रस्तुति के कारण ही आरोपियों को सजा दिलाई जा सकी। उन्होंने इस फैसले को समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ एक सख्त चेतावनी बताया। उल्लेखनीय है कि मुख्य आरोपी अजीत उर्फ हप्पू बागपत पुलिस की टॉप-टेन अपराधियों की सूची में शामिल रहा है।

## एडिशनल एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया पैदल गश्त

### आगामी त्योहारों पर पुलिस अलर्ट, असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर

बागपत, एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मार्गों और बाजारों में पैदल गश्त कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यस्ततम मार्गों और मुख्य चौराहों पर निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर नजर रखने को भी कहा गया।बागपत एसपी सूरज राय के निर्देशन में पुलिस प्रशासन ने आगामी त्योहारों के लिए पूरी तैयारी कर ली है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिस कर्मियों के साथ शहर का भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की। उन्होंने संदिग्ध दिखने वाले लोगों की तलाशी कराई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल एसपी चौहान ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है और जनपद में शांति व्यवस्था कायम है।

# नवीन शिक्षा से प्रशिक्षित होने गांधीनगर गुजरात भेजे गए जनपद के दो शिक्षक

अमन लेखनी समाचार





फतेहपुर। पीएम श्री योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को अन्य राज्यों में 'एक्सपोजर विजिट' पर भेजा जा रहा है।इसी क्रम में नई शिक्षा तकनीकों और नवाचारों का अध्ययन करने के लिए मंगलवार को फतेहपुर जनपद के दो शिक्षक गुजरात के गांधीनगर के लिए रवाना हुए।मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक)प्रयागराज मंडल द्वारा जारी आदेश और सूची के अनुसार शैक्षिक भ्रमण के लिए हर जनपद से दो शिक्षकों को चुना गया है। जिसमें फतेहपुर जिले से विकास खंड मलवां स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला और विकासखंड हसवा के पी एम श्री कम्पोजिट विद्यालय गेण्डुरी सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार का चयन किया गया है विभागीय निदेर्शानुसार मंगलवार को प्रयागराज मंडल कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद यह दोनों शिक्षक अपनी आगे की यात्रा के लिए गुजरात रवाना हो गए। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान नई तकनीकों को सीखने के लिए आइआइटी गांधीनगर का भी भ्रमण करेंगे शिक्षक।वैष्णो शुक्ला एवं धर्मेंद्र कुमार यह दोनों शिक्षक गुजरात राज्य के चुनीदा पीएम श्री विद्यालयों का भ्रमण कर वहाँ की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का गहराई से अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही वह आइआइटी गांधीनगर का भी भ्रमण करेंगे।जिससे शिक्षा में तकनीकी पहलुओं की बारीकियों को समझा जा सके। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य वहाँ की उन्नत व्यवस्थाओं, शिक्षण विधियों और नई तकनीकों को सीखकर उन्हें वापस फतेहपुर जनपद के विद्यालयों में लागू करवाना है। जिससे जिले के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# सर पर कलश रख कन्याओं ने बढ़ाया शोभायात्रा का गौरव

## धिरगिज बाबा प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के चांदपुर गांव में स्थापित ऐतिहासिक स्थल धिरगिज बाबा मंदिर प्रांगण में हिंदी नव वर्ष चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस से सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ बाजे गाजे ढोल नगाड़े डीजे के साथ किया गया जहां कुशल आचार्यों के तत्वावधान में प्रमुख यजमान शिवकुमार सिंह समेत अन्य सभी लोगों ने मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी देवी देवताओं का पूजन करते हुए भव्य शोभायात्रा को गति प्रदान की शोभायात्रा के दौरान गांव की कन्याएं दीपिका संतोषी कीर्ती भूमि प्रियांशी समेत भारी संख्या में महिलाओं ने भी पहुंचकर सर पर कलश रख कर समूचे नगर का भ्रमण किया वही गांव के अंतिम छोर में क्षेत्रपाल पूजन के पश्चात घट भरे गए तथा पुनः मंदिर प्रांगण आकर स्थापित किए गए बाजे बाजे ढोल नगाड़े की धुन में भक्तों ने शोभायात्रा का महा आनंद प्राप्त किया वही प्रथम दिवस की कथा में व्यास मंच पर विराजमान आचार्य पंडित भूपेंद्र द्विवेदी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम श्लोक सच्चिदानंद रुपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे का विस्तृत वर्णन भक्तों ने श्रवण किया कथा व्यास ने व्यासमंच से उपस्थित भक्ति गणों को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसके सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त हो जाता है वहीं अनेक प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने संगीत मय भजनों को प्रस्तुत किया जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो उठे शाम समय प्रमुख यजमान शिवकुमार सिंह सौरभ सिंह पवन पाण्डेय अंकित सिंह धर्म सिंह समेत भारी संख्या में मौजूद महिला पुरुष वर्ग ने महा आरती संपन्न की वही सभी भक्तों ने महाप्रसाद को ग्रहण कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया

# मां पन्थेश्वरी धाम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई

अमन लेखनी समाचार

बिदकी, फतेहपुर। जनपद के मां पन्थेश्वरी धाम खजुहा में आयोजित 50 वां श्री शत चण्डी महायज्ञ के अन्तर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आचार्य आयुष द्विवेदी जी महाराज ने यज्ञ की जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि महामहोत्सव के अवसर पर आदिशक्ति मां पन्थेश्वरी धाम खजुहा में आयोजित 50 वां श्री शत चण्डी महायज्ञ का आयोजन मन्दिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।प्रातः कालीन बेला में मन्दिर के सरोवर में घट पूजन के साथ वेदाचार्य प्रभात तिवारी ने कलश यात्रा नगर भ्रमण का कार्यक्रम प्रारंभ किया।



कलश यात्रा में मन्दिर पुजारी आचार्य आयुष द्विवेदी जी महाराज के साथ यज्ञाचार्य के रुप में वेदाचार्य प्रभात तिवारी व राजन अवस्थी, दिनेश पाण्डेय, ऋषिराज दीक्षित, राम जी शुक्ला व अन्य सहयोगी आचार्य गण मौजूद रहे शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने मां पन्थेश्वरी के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन किया। शोभायात्रा मन्दिर परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मन्दिर परिसर में समाप्त हुई।आचार्य आयुष द्विवेदी जी महाराज ने बताया कि 50 वां श्री शत चण्डी महायज्ञ का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च तक किया जा रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस महायज्ञ में शामिल होने की अपील की।

# अतिक्रमण करने वालों को ट्रैफिक पुलिस ने सिखाया सबक

## लालकुर्ती बाउंड्री रोड से जीरो माइल तक दोनों तरफ चलाया अभियान, क्रेन से कार उठवाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध शुरू हुई ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई भी जारी रही। टीम ने लालकुर्ती बाउंड्री रोड से जीरो माइल तक दोनों तरफ सख्ती के साथ अभियान चलाया तो खलबली मच गई। कारें जब्त होते देख दुकानदारों ने सामान समेटना शुरू कर दिया। ट्रैफिक पुलिस ने 65 दुकानदारों को नोटिस दिए हैं, जबकि 40 से ज्यादा वाहनों के चालान किए हैं।

### पहले एक नजर अभियान पर

एसपी ट्रैफिक के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। हर रोज नई लोकेशन पर कार्रवाई की जा रही है। खुद प्रभारी ट्रैफिक संतोष कुमार सिंह अभियान की कमान संभाले हैं। टीम बाउंड्री रोड पहुंची और अभियान चलाया। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई देख अतिक्रमण करने वालों में खलबली मच गई।चालान किए, नोटिस थमाए ट्रैफिक पुलिस ढअ सिस्टम का प्रयोग कर रही है। अतिक्रमण करने वालों को दो दिन का समय दिया गया है कि वह मनमानी रोक दें। लेकिन इस दौरान टीम ने सड़क घेरकर खड़े दुकानदारों व ठेले संचालकों को नोटिस थमा दिए। 65 दुकानदारों को नोटिस थमाए गए हैं जबकि 40 से ज्यादा वाहनों के चालान किए गए हैं। इस दौरान 9 गाड़ियां क्रेन से खिंचवाकर पुलिस लाइन भिजवा दी गईं। अतिक्रमण वाले 12 स्पॉट किए चिह्नित ट्रैफिक की टीम ने शहर में सर्वाधिक अतिक्रमण वाले 12 स्पॉट चिह्नित किए हैं। इन स्पॉट पर एक एक कर टीम अभियान चला रही है। दो दिन का समय अतिक्रमण करने वालों को सुधरने के लिए दिया गया है। नोटिस के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि अगर अतिक्रमण नहीं हटाया तो तीसरे दिन सामान जब्तीकरण की कार्रवाई होगी। जेलचुंगी से शुरू हुआ अभियान शहर में जगह जगह नाला निर्माण व डिवाइडर निर्माण का काम चल रहा है, जिस कारण रास्ते सकरे हो गए हैं और कई रूटों पर जाम झेलना पड़ रहा है। उच्चाधिकारियों ने ऐसी स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद सोमवार से जेलचुंगी चौराहे के दोनों ओर अभियान चलाया गया। अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई ।

# कार की टक्कर से भाई की मौत, बहन घायल

### मेरठ में पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए ग्राउंड में दौड़ लगाने जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , टीपी नगर थाना क्षेत्र में शाम करीब 6 बजे एक सड़क हादसे में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे एक युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शिवपुरम मोहकमपुर निवासी 24 वर्षीय दीपक उर्फ दीपू पुत्र अशोक कुमार अपनी बहन ज्योति के साथ पुठ्ठा रोड स्थित ग्राउंड में दौड़ लगाने जा रहे थे। दोनों भाई-बहन पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही टीपी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान दीपक की हालत बिगड़ गई और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, ज्योति का अस्पताल में इलाज जारी है। सूत्रों से जानकारी यह भी मिल रही है कि ज्योति का हाल ही में दिल्ली पुलिस में चयन हुआ था और वह फिजिकल की तैयारी के लिए दौड़ का अभ्यास कर रही थी।पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। साथ ही शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में टीपी नगर थाना प्रभारी अरुण मिश्रा का कहना है कि युवक की मौत के बाद पंचनामा की कार्रवाई कर दी गई है।

# 4 साल की बच्ची का रेप कर मर्डर किया

## गाजियाबाद में टॉफी के बाहने पड़ोसी खाली प्लॉट में ले गया, राज न खुले इसलिए मार डाला

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , घर के बाहर खेल रही 4 साल की बच्ची को पड़ोसी युवक बहला-फुसलाकर ले गया। एक खाली प्लॉट में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। राज खुलने के डर से ईंट-पत्थर से कूंचकर बच्ची की हत्या कर दी। बच्ची को घर से गायब देखकर घर के लोग परेशान हुए। पुलिस को सूचना दी। इस बच्ची बच्ची का अर्द्धनग्न हालत में खून से लथपथ का शव मिला। परिवार की शिकायत पर पड़ोसी युवक पर को हिरासत में लिया गया है। वह पहले से परिवार में आता-जाता था। उसे ले जाते हुए आसपास के लोगों ने देखा था। मामला सिहानीगेट थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी के पास का है ।नें नंनग्राम थाना के बाहर धरना देकर कार्रवाई की मांग की।बच्ची संग हुई वारदात के बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने नंनग्राम थाना के बाहर धरना देकर कार्रवाई की मांग की। बच्ची का पिता रंगाई-पुताई का काम करता है। उसकी शादी 12 साल पहले हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। दो बेटों से छोटी 4 साल की बच्ची थी। पत्नी अपने पति बच्चों को तीन साल पहले छोड़कर चली गई थी। उसके जाने के बाद पति ही बच्चों की देखभाल करता है। पड़ोस में रहने वाला गौरव प्रजापति (24) का उसके घर आना-जाना था। बच्चे उससे घुले-मिले थे। परिवार के मुताबिक शाम करीब 7 बजे वह चार साल की बच्ची से खेलने लगा। उसके बाद टॉफी दिलाने का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया। घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर एक खाली पड़े प्लॉट में उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद ईंट-पत्थर से उसके सिर और चेहरे पर वार किया। वारदात को अंजाम देकर वह भाग गया। इस बीच घर में बच्ची को नहीं देखकर पिता परेशान हुआ। पुलिस को सूचना दी। इसी बीच रात करीब 9 बजे प्लॉट के कोने पर बच्ची खून से लथपथ मिली। आसपास रहने वालों ने डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी।जिसके बाद बच्ची को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में पता चला कि बच्ची के पड़ोस में रहने वाला गौरव प्रजापति बच्ची को अन्य बच्चों के बीच से खेलते समय टॉफी दिलाने के बहाने से गोद में उठाकर ले गया था।डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना किया गया। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गई।डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना किया गया। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गई।

# 24 घंटे में 150 से ज्यादा कैमरे खंगाले, एफआईआर दर्ज

## सुभाष नगर की लूट में तीन टीम कर रहीं काम, लोकेशन ढूंढ निकालने का दावा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सिविल लाइन के सुभाष नगर में सरेराह हुई पांच लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। तीन टीमें वारदात के खुलासे को लेकर काम कर रही हैं। अफसरों की मानें तो 24 घंटे में 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा चुके हैं, जिनमें कई जगह नकाबपोश बदमाश दिखाई दिए हैं। उनकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### पहले एक नजर वारदात पर

सुभाष नगर गली नंबर 13 में सबिया परिवार के साथ रहती हैं। वह सोहेल नाम के युवक के साथ पार्टनरशिप में मंडी में काम करती है। सोमवार शाम सबिया के पास सोहेल का फोन आया। सोहेल ने कहा कि उसे पांच लाख रुपये की जरूरत है। सबिया ने घर आकर रुपये ले जाने के लिए बोल दिया। सुभाष नगर मस्जिद के पास आकर सोहेल ने सबिया को फोन किया। सबिया बैग में रुपये लेकर घर से स्कूटी पर निकली। जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंची, तभी बाइक सवार बदमाश सबिया के हाथ से बैग लूटकर फरार हो गए।शोर मचा पीछा करने का प्रयास सबिया स्कूटी पर थी और दोनों बदमाश बाइक पर थे। एक बदमाश ने भागकर बैग छीना और फिर कूदकर अपने साथी की बाइक पर बैठ गया। इसके बाद बदमाश कचहरी की तरफ भाग निकले। सबिया जोर जोर से चिल्लाने लगी। वह जब तक अपनी स्कूटी मोड़ पाती, तब तक बदमाश फरार हो गए। इसके बाद पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई। बदमाश के हाथ से सड़क पर गिरा बैग सबिया से बैग छीनकर बदमाश भागा और कूदकर अपने साथी की बाइक पर बैठा। बाइक चला रहे बदमाश का नियंत्रण खो गया और पीछे बैठे बदमाश के हाथ से बैग छूटकर सड़क पर जा गिरा। वह दोबारा कूदा। आनन फानन में बैग उठाया और वापस साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया गमछे से ढके थे दोनों ने अपने चेहरे वारदात कई लोगों ने देखी लेकिन कोई भी सीधे बोलने को तैयार नहीं है। दबी जुबां में लोगों ने बताया कि बदमाशों ने चेहरे पर गमछा लपेटा हुआ था और काला चश्मा लगाया हुआ था। इससे पहले कि लोग उनकी तरफ भागते, वह आंखों से ओझल हो गए। हापुड़ की ओर भागे बदमाश एसपी आयुष विक्रम सिंह ने तीन टीमों को वारदात के खुलासे के लिए लगाया है। यह टीमें वारदात के बाद से ही सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही हैं। 40 से ज्यादा स्पॉट पर लगे 150 से ज्यादा उउळश कैमरे पुलिस ने खंगाले, तब जाकर बदमाशों की लोकेशन निकल पायी है। सूत्र बताते हैं कि बदमाश हापुड़ रोड पर भीड़ में गुम हुए हैं। सबिया-सोहेल से पूछताछ जारीवारदात से जुड़ी पूरी कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही। पुलिस का कहना है कि दो लोगों के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता तीसरे व्यक्ति तक कैसे पहुंच गई।

# महिला के खाते से निकाले 14.35 लाख

## कोर्ट में दिया प्रार्थना पत्र, कहा जल्द मामले में लिया जाए एक्शन

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा चार स्थित चेरी काउंटी सोसाइटी में रहने वाली एक महिला के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 14 लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की। महिला ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। खाते से रकम की गई ट्रांसफरसोसाइटी निवासी शिवांगी गोयल ने अदालत में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनक एक बैंक में बचत खाता है। इसी साल आठ जनवरी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने साइबर फ्रॉड करके उनके खाते से 14 लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत अपने बैंक से संपर्क किया। बैंक से पता चला कि साइबर ठगी के जरिए उनके खाते से यह रकम ट्रांसफर की गई है। रकम को कराया गया फ्रीज इसके बाद पीड़िता ने ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कुछ रकम को फ्रीज करा दिया, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# 13 जिलों में 6,800 करोड़ के प्रोजेक्ट की मंजूरी

## यूपी रेरा ने बैठक में लिया फैसला, 7,830 आवासीय व व्यवसायिक यूनिट्स बनेंगी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, उत्तर प्रदेश भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने 6,841.85 करोड़ के कुल अनुमानित निवेश वाली 24 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में लगभग 7,830 आवासीय और व्यावसायिक यूनिट्स विकसित की जाएंगी। जिससे नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और आवास व व्यावसायिक अवसंरचना का विस्तार होगा। इन परियोजनाओं को मंजूरी यूपी रेरा की 198वीं प्राधिकरण बैठक में दी गई, जो प्राधिकरण के मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त कई परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा की गई। केवल उन्हीं परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, जो नियामकीय मानकों और आवश्यक अनुपालन शर्तों को पूरा करती थीं। बैठक में लिए गए निर्णय रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने के प्रति प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं, साथ ही गृहखरीदारों के हितों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देते हैं। मंजूर की गई इन परियोजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक और मिश्रित उपयोग (मिक्स्ड-यूज) परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें प्लॉट, विला और दुकानों का विकास किया जाएगा। इन परियोजनाओं से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में शहरी अवसंरचना मजबूत होने, आवास की उपलब्धता बढ़ने और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। 13 जिलों में परियोजनाओं को मंजूरी सभी जिलों में गौतमबुद्ध नगर निवेश, परियोजनाओं की संख्या और विकसित होने वाली यूनिट्स के मामले में सबसे आगे रहा।

# सफाई कर्मियों ने प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया

## गिरफ्तार यूनियन नेताओं को छोड़ा जाए, इसके बाद लौटेंगे काम पर; भारी पुलिस बल तैनात

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,सफाई कर्मियों और प्राधिकरण के बीच विवाद गहराता जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सफाई कर्मचारियों के छह यूनियन नेताओं समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में सफाई कर्मी एकत्र होकर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में सफाई कर्मी प्राधिकरण के बाहर जमा होने लगे। उन्होंने अपने नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ नारेबाजी की और तत्काल रिहाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनके नेताओं को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है और यह कार्रवाई कर्मचारियों की आवाज दबाने के लिए की गई है। प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों ने साफ कहा कि जब तक उनके सभी गिरफ्तार नेताओं को रिहा नहीं किया जाता और दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए जाते, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने अधिकारों और साथियों के सम्मान के लिए एकजुट होकर आंदोलन कर रहे हैं।

# गंगा में प्लाटून पुल का नगर विधायक ने किया उद्घाटन

संवाददाता



विन्ध्याचल । मां विंध्यवासिनी के दरबार में क्षेत्र के मल्लाहिया घाट से हरसिंहपुर घाट तक गंगा में प्लाटून पुल का उद्घाटन बुधवार को नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा ने फीता काटकर किया ।सुबह नगर विधायक ने पुल पर विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद फीता काटकर स्वयं चार पहिया वाहन से हरसिंहपुर से विंध्याचल पहुंचे । प्लाटून पुल बन जाने से स्थानीय कारोबारी एवं धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी । नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि आजादी के बाद पहली ऐसी डबल इंजन की सरकार है जिसने इतना विकास किया है। श्रद्धालुओं एवं स्थानीय को जाम में फंसकर घंटे विंध्याचल पहुंचना पड़ता था जिसके लिए मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से बात करके इस प्लाटून पुल का निर्माण करवाया है ।विधायक ने बताया कि प्लाटून पुल बन जाने से विंध्याचल और कोन ब्लॉक एक हो गया है ।इसके बनने से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत मिलेगा। पुल के द्वारा हरसिंहपुर , मल्ले पुर, टिलथी, मिश्रधाम, श्री पट्टी के साथ-साथ दर्जनों गांव इस प्लाटून पुल का उपयोग कर सुविधा का लाभ लेंगे इस कार्य के लिए मैं उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का धन्यवाद देता हूं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज मंडल अध्यक्ष उमेश तिवारी, संदीप तिवारी, उमेश सिंह ,श्री श्याम सिंह, रमाकांत दुबे सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# आशीष मिश्रा बने मनोनीत सभासद, क्षेत्र में खुशी की लहर

संवाददाता



रेणुकूट/सोनभद्र। क्षेत्र में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 9(1)(घ) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए माननीय राज्यपाल द्वारा आशीष मिश्रा को मनोनीत सभासद नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। जैसे ही यह खबर आमजन तक पहुँची, समर्थकों और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल बन गया। जगह- जगह मिठाइयाँ बांटी गई और लोगों ने खुशी का इजहार किया। आशीष मिश्रा लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। वे सदैव क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर मुखर रहते आए हैं। उनकी इस नियुक्ति को जनता ने उनके समर्पण, मेहनत और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान बताया है। समर्थकों का कहना है कि उनके सभासद बनने से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी तथा जनता की समस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। इस अवसर पर आशीष मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता जनार्दन एवं शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे और पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी और आमजन को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा।

# एमपीएल सीजन 3: नगरा इलेवन ने दर्ज की धमाकेदार जीत

### ट्रेन मैनेजर रॉयल नगरा को 57 रनों से दी शिकस्त

अमन लेखनी समाचार




झाँसी। खेल और उत्साह के महाकुंभ 'मीनेंश प्रीमियर लीग' (एमपीएल) सीजन 3 का दूसरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इस मैच में नगरा इलेवन ने अपने हरफनमौला खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेन मैनेजर रॉयल नगरा को 57 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर टूनार्मेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कमल यादव की कप्तानी वाली नगरा इलेवन ने निर्धारित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए स्कोर बोर्ड पर 180 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने मैदान के हर कोने में शॉट लगाए और विपक्षी गेंदबाजों को दबाव में रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुकुम मीणा की कप्तानी वाली टीम 'ट्रेन मैनेजर रॉयल नगरा' शुरूआत से ही लड़खड़ाती नजर आई। नगरा इलेवन के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ के सामने टीम संघर्ष करती रही और 15 ओवरों की समाप्ति तक 8 विकेट खोकर केवल 123 रन ही बना सकी। परिणामस्वरुप, झाँसी नगरा ने 57 रनों से एक तरफा जीत हासिल की। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने खेल भावना पर जोर दिया। डॉ. संदीप ने कहा खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन और टीम वर्क की भावना पैदा करता है। मीनेंश प्रीमियर लीग जैसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करते हैं। झाँसी की धरती ने हमेशा से वीर और खिलाड़ी पैदा किए हैं, और मुझे विश्वास है कि इस लीग से निकलने वाले खिलाड़ी भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे। टूनार्मेंट के अध्यक्ष रामराज मीना की देखरेख में मैच का सफल आयोजन सुनिश्चित किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य केदार मीना ने व्यवस्थाओं को संभाला, वहीं मैच का जीवंत वर्णन (कमेंट्री) सागर तिवारी ने अपनी चिर-परिचित शैली में किया, जिससे दर्शक अंत तक बंधे रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेता टीम का उत्साहवर्धन किया।

**खास समाचार**


# पूर्व सांसद का 67वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया, प्रदीप टांडा ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

झांसी। पूर्व सांसद एवं कृभको के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव का 67वां जन्मदिन गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों समर्थकों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। जन्मदिन के मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए शुभकामनाएं दीं और उनके दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। मंडल अध्यक्ष प्रदीप टांडा, मंडल प्रभारी प्रवेश यादव, मंडल संरक्षक रवि पाल सिंह यादव, मंडल प्रवक्ता डॉ. धर्मेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष भवानी सिंह यादव, जिला संरक्षक सीताराम यादव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा धन सिंह यादव, अज्जू यादव, मानवेंद्र यादव, तहसील अध्यक्ष हेमंत यादव, जिला उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह यादव, जिला सचिव साहब सिंह, डॉ. रामकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भी पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता की मौत, बेटा गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के संडीला-मल्लावां मार्ग पर बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा जरहा गांव के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, मल्लावां थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर साईं बगदाद निवासी अनिल दीक्षित अपने बड़े बेटे आकाश के साथ बुधवार देर शाम लखनऊ जा रहे थे। वह अपने बड़े भाई से मिलने के लिए निकले थे। इसी दौरान जरहा गांव के निकट संडीला की ओर से आ रही मारुति डिजायर कार ( वढ 32 दश 2392 ) ने लापरवाही से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। अनिल दीक्षित के सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान अनिल दीक्षित की मौत हो गई। वहीं, घायल आकाश का इलाज जारी है और उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक नशे की हालत में था और तेज गति से वाहन चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। थाना प्रभारी घनश्याम राम ने बताया कि घटना की जानकारी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार में पत्नी आशा सहित तीन बच्चे हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# रमजान माह में नगर पंचायत अध्यक्ष ने कराया रोजा इफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। पवित्र रमजान माह के अवसर पर कस्बे की बड़ी मस्जिद एवं छोटी मस्जिद में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा द्वारा रोजेदारों के लिए रोजा इफ्तार का आयोजन कराया गया। इस मौके पर हाजी सुलेमान ने कहा कि रमजान का महीना बरकत, रहमत और इबादत का महीना होता है। इस दौरान किए गए नेक कार्यों को अल्लाह कबूल करता है और यह महीना लोगों को आपसी प्रेम और खुशियां बांटने का संदेश देता है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा आयोजित इफ्तार कार्यक्रम के माध्यम से रोजेदारों को इफ्तार की दावत दी गई, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ।

# भव्य कलश यात्रा के साथ चैत्र नवरात्र से नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ

संवाददाता



बीजपुर (सोनभद्र) क्षेत्र के प्रसिद्ध दुदहिया मंदिर में रामानंदीय अखिल भारतीय संत सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाली नौ दिवसीय रामकथा के शुभारंभ से पूर्व बुधवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा का शुभारंभ बेड़िया हनुमान मंदिर से हुआ, जहां से महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ीं। यात्रा बीजपुर बाजार, स्वागत गेट, एनटीपीसी परिसर होते हुए बल्लभ पंत सागर के इंटेक बेल तक पहुंची। वहां विद्वान संतों और आचार्यों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। पूजन के पश्चात कलश यात्रा पुनः बेड़िया हनुमान मंदिर पहुंचकर विधिवत सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ व भक्ति संगीत और जय श्रीराम के उद्घोष से क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह धर्ममय बना रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं कलश यात्रा का स्वागत भी किया गया। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नववर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर गुरुवार से नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन प्रारंभ हो रहा है। कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास राम मोहन दास रामायणी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास महाराज कर रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार रामकथा के माध्यम से धर्म, संस्कृति और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का प्रसार किया जाएगा, जिससे समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना को बल मिलेगा। इस भव्य आयोजन में मुख्य रूप से यशवंत सिंह, सुनील तिवारी, इंद्रेश सिंह, श्रीराम यादव, राजेश सिंह, रविंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में धर्म अनुयायी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कोन अस्पताल की बदहाली पर फिर गरजा जनसंग्राम, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की मांग तेज

संवाददाता



कोन/सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ में बुधवार को एक बार फिर कोन सरकारी अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ जनसंग्राम का स्वर बुलंद हुआ। राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु के नेतृत्व में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति, जांच सुविधा और एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह अब केवल एक मांग भर नहीं रह गई है, बल्कि करीब दो लाख की आबादी के स्वास्थ्य अधिकार और सम्मान की लड़ाई बन चुकी है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप रहा कि वर्षों से कोन क्षेत्र की जनता बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशान है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से केवल औपचारिकताएं निभाई जाती रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि ह्लकोन के अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर जब तक नहीं ला देता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।ह्व उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि क्षेत्रीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था नहीं हो सकी, तो यह आम जनता के अधिकारों की अनदेखी है। उन्होंने इसे व्यवस्था की लापरवाही बताते हुए कहा कि अब जनता अपनी आवाज संगठित कर निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से क्षेत्रवासियों की मांगों को संगठित कर मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा, ताकि प्रशासन पर दबाव बने और वह स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता देने के लिए बाध्य हो। अभियान के दौरान संतोष कनौजिया, अजय पटेल, दिनेश, अरुण कुमार, शरीफ और छोटेलाल समेत क्षेत्र के कई जागरूक नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने एक स्वर में कहा कि कोन अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता तक आंदोलन जारी रहेगा।

# खरका में 1.82 करोड़ की लागत से बनेगा लघु सेतु, ग्रामीणों को मिलेगा सीधा संपर्क मार्ग

अमन लेखनी समाचार



ककरबई, झांसी। क्षेत्र के ग्राम खरका में लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या अब जल्द दूर होने जा रही है। गरौठा विधायक जवाहर राजपूत के प्रयासों से ग्राम खरका में ग्रामीण संपर्क मार्ग के किमी 3 पर लोक निर्माण विभाग, झांसी द्वारा 1 करोड़ 82 लाख 80 हजार रुपये की लागत से लघु सेतु का निर्माण कराया जाएगा। युवा नेता कुंवर अंश बुन्देला ने जानकारी देते हुए बताया कि सेतु निर्माण से क्षेत्र के कई गांव सीधे ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ जाएंगे, जिससे हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि करीब दो वर्ष पूर्व बरसात के दौरान पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे गांव का तहसील और ब्लॉक से संपर्क पूरी तरह टूट गया था। इसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लगभग आठ माह पूर्व विधायक जवाहर राजपूत को ज्ञापन सौंपकर सेतु निर्माण की मांग की थी। विधायक द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद अब इस दिशा में कार्यवाही शुरू हो गई है। अधिशासी अभियंता डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए अधिशासी अभियंता, डालनगर खंड, झांसी कार्यालय द्वारा ई-निविदा के माध्यम से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।

# वर्ष प्रतिपदा पर फरर का पथ संचलन, बिहसड़ा कला में उत्सव का आयोजन

संवाददाता



जिगना। छानबे ब्लॉक अंतर्गत बिहसड़ा कला ग्राम स्थित महाशक्ति इंटर कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) कार्यकताओं ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ह्लगर्व से कहो हम हिन्दू हैंह्व का संदेश आज भी समाज को प्रेरित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वीरेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत हमारी मातृभूमि है और इसकी रक्षा के लिए हिंदुत्व जागरण आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों से संगठित होकर देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का भी उल्लेख किया गया, जहां करोड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बताया गया। इसके बाद बिहसड़ा से पथ संचलन निकाला गया, जो अनुशासित ढंग से जिगना और बदेवरा होते हुए पुनः इंटर कॉलेज परिसर में समाप्त हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष माता सहाय मिश्र सहित स्वामीनाथ सिंह, राजेंद्र पाठक, इंद्र कुमार सिंह, जय सिंह, संतोष पाठक, प्रीतेश सिंह, कवि सिंह, रमेश उर्फ शिंपू सिंह, अनिल पांडेय, रवीश अग्रहरि और लक्ष्मीनारायण मौर्य समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# शिविर में दिया सम्पत्ति कर गृहकर, जलकर की जानकारी

### समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण- ऋचा सिंह

संवाददाता



बस्ती। सोमवार को नगर पंचायत भानपुर द्वारा सम्पत्ति कर को जमा करने, करों को लेकर लोगों की भ्रान्तियों को दूर करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। सोनहा बाजार में मुख्यमार्ग पर कैम्प लगाकर आम जनमानस, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों आदि द्वारा सम्पत्तिकर की गणना, तथा गृहकर व जलकर के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने कर की गणना के सापेक्ष सम्पत्तिकर लागू करने व कुल कर का आधा गृहकर व जलकर होने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बताया कि जलकर और जलमूल्य दो अलग व्यवस्था है। जब निकाय द्वारा पाईप सप्लाई से पानी दिया जायेगा तब जलमूल्य लागू किया जायेगा । गोष्ठी में उपस्थित लोगो द्वारा क्षेत्रफल की पुनः माप व पुनः मूल्यांकन का अनुरोध गया। कैम्प में कुल 17 लोगो द्वारा कर जमा किया गया। 31 मार्च 2026 तम कर जमा किये जाने पर लोगो को छूट भी दिया जायेगा। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विभिन्न समस्याओं को रखा। अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि चरणबद्ध ढंग से समस्याओं को निराकरण कराया जायेगा। कहा कि नगर पंचायत के माध्यम से विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को पारदर्शी बनाने के लिए जन सहभागिता बढ़ाई जा रही है। पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सीवर जैसी समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराया जा रहा है जिससे नागरिकों को असुविधा न होने पाये। कार्यक्रम में विपिन जायसवाल, दीपक पाण्डेय, मदन गोपाल, मोहम्मद शरीफ के साथ ही निकायकर्मी अविनाश मिश्र, अरूण कुमार, रवि सिंह, शिव कुमार यादव, मुकेश सिंह, नीतीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से लगी आग, किसानों ने मशक्कत कर पाया आग पर काबू



अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी। ककरबई थाना क्षेत्र के ग्राम बरमाइन और खरवांच मोड़ के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। तार गिरते ही आसपास पड़ी घास-फूस में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना के समय आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, फायर ब्रिगेड गरौठा की दोनों गाड़ियां पहले से ही अन्य स्थान पर आग बुझाने गई हुई थीं, जिससे वे समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में किसानों ने हिम्मत दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग किसानों की फसलों तक नहीं पहुंच सकी, अन्यथा भारी नुकसान हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने विद्युत विभाग से जर्जर लाइनों की मरम्मत कराने और समय रहते आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# जवाहर नवोदय में चयनित छात्र सम्मानित

संवाददाता

कोन/सोनभद्र। विशाल इंग्लिश एकेडमी में सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित दो छात्रों को सम्मानित किया गया। चयनित छात्रों में आरुष कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी जमुवल, घोरावल तथा अंश कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार गुप्ता निवासी घघिया, कोन शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड विकास अधिकारी जितेन्द्रनाथ दुबे, खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत कुमार, बीएमएम मनोज मिश्रा, जेई बृजेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) मानेन्द्र सिंह तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय शंकर जायसवाल ने दोनों छात्रों को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चे आगे चलकर उनसे भी ऊंचे पद पर पहुंचें, यही उनकी कामना है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगण के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पिछड़े और दुरूह क्षेत्र में बीते 13 वर्षों से गरीब बच्चों का उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित कराना विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने समस्त विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए इस सफलता को आगे भी बनाए रखने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रबंध समिति सदस्य विजय शंकर जायसवाल, नवीन गुप्ता, देव विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य दिनेश गुप्ता, उप-प्रधानाचार्य हृदय निवास पांडेय, शिक्षक कमलेश रवानी, राजनारायण पटेल, रामानंद समेत अन्य शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट की बेटी के साथ हुआ हादसा, परिवार ने लोगों से की ये खास अपील



टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे।

शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा।'लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था। शॉर्ट परिवार के करीबी लोगों के मुताबिक, कैथरीन एक प्यारी महिला थीं। वह पब्लिक में कम ही आती थीं। वह शांत स्वभाव की थीं और अकेले रहना पसंद करती थीं। जो लोग उन्हें जानते थे, वे उनके प्यार और दयालुता की वजह से उनका सम्मान करते थे। मार्टिन शॉर्ट ने अपनी पत्नी नैन्सी डोलमैन के साथ कैथरीन को गोद लिया था। नैन्सी डोलमैन की 2010 में ओवेरियन कैंसर से मौत हो गई थी।

### टॉलीवुड

## राशा की फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' का पोस्टर आउट, दिखीं एक्टर की बाहों में लिपटी हुई



एक्ट्रेस राशा थडानी की अपकमिंग तेलुगू फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' का पोस्टर जारी किया गया है। इसमें वह जया कृष्ण घट्टामनेनी के साथ नजर आ रही हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुए इस पोस्टर में दोनों एक-दूसरे की बाहों में लिपटे हुए हैं। एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने के बाद तेलुगु सिनेमा में एंट्री करने जा रही हैं। एक्ट्रेस जल्द ही डायरेक्टर अजय भूपति की आगामी तेलुगु फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' में नजर आएंगी। इस एक्शन-रोमांस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जया कृष्ण घट्टामनेनी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

पोस्टर में वह और जया कृष्ण घट्टामनेनी दोनों एक-दूसरे के करीब नजर आ रहे हैं। पोस्टर में राशा ने एक खूबसूरत लैवेंडर कलर की साड़ी पहनी हुई है। उनके बाल खुले हैं। वहीं, पोस्टर में लिखा है, 'हैप्पी वेलेंटाइन डे।'

रवीना टंडन की बेटी और एक्ट्रेस ने पोस्ट कर लिखा, 'बस एक बार अपनी आंखें खोलकर देखो मैं यहीं रहूंगी, इतनी पास कि तुम्हारी सांसों को महसूस कर सकूं- मंगा।' अजय भूपति द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' में एक्ट्रेस, मंगा का किरदार निभाएंगी। अजय भूपति ने पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम', और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। हालांकि, फिल्म को लेकर बाकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। एक्ट्रेस अपने साउथ प्रोजेक्ट के साथ बाकी प्रोजेक्ट में भी इस समय व्यस्त चल रही हैं। वे जल्द ही फिल्म 'लइका लइकी' में नजर आने वाली हैं। उन्होंने साल 2025 में फिल्म 'आजाद' से बतौर एक्ट्रेस के तौर पर हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में असफल रही और फ्लॉप हो गई थी, लेकिन राशा के परफॉर्मेंस को लोगों ने काफी सराहना की थी।

### छॉलीवुड

## सिंगर नितिन की उपलब्धि, मिला 'बेस्ट स्टार सिंगर 2026' अवार्ड



छत्तीसगढ़ के गायक,एक्टर और संगीतकार नितिन दुबे को कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए समय समय पर कई बड़े सम्मान मिलते आ रहे हैं। बिलासपुर में ₹बिलासा छोलीवुड एवार्ड 2026₹ का आयोजन किया गया। यह एवार्ड हर वर्ष छत्तीसगढ़ी फ़िल्मि और संगीत जगत के अलग अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है। इस वर्ष गायन और संगीत के क्षेत्र में सिंगर नितिन को 'बेस्ट स्टार सिंगर 2026' के एवार्ड से सम्मानित किया गया। नितिन दुबे इस वर्ष यूट्यूब पर 500 मिलियन व्यूवरशिप पूरे करने वाले पहले इंडिपेंडेंट सीजी सिंगर बन गए हैं,साथ ही साथ लगातार एक से बढ़कर एक सुपरहिट गीत देते आ रहे हैं उनके इस उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें ये एवार्ड दिया गया। बिलासा छोलीवुड एवार्ड के आयोजक सुनील सागर और समस्त आयोजक समिति के हाथों हज़ारों दर्शको की अपार भीड़ के बीच ये एवार्ड नितिन दुबे को दिया गया। छत्तीसगढ़ में मेलोडी किंग के नाम से मशहूर सिंगर नितिन दुबे ने सभी दर्शको को आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये सब उनके माता पिता,जनता जनार्दन और गुरुजनों का आशीर्वाद है,साथ ही साथ उन्होंने बताया कि बहुत जल्दी वो बड़े पर्दे पर हीरो के रूप में नजर आने वाले हैं। उनकी आगामी फिल्म ₹मैं राजा सुपरस्टार₹ की शूटिंग जोर शोर से चल रही है,इस फ़िल्मि मे हीरो के रूप में नितिन दुबे और उनके साथ जानी मानी हीरोइन एलशा घोष नज़र आने वाली हैं।

टीन फैशन ट्रेंड्स

लाइफ



टीनएज के लिए साल 2026 में ₹जितना ज़्यादा, उतना अच्छा₹ वाली लेयरिंग ट्रेंड में है। यह मूल रूप से 2.0 की पुरानी यादें और स्ट्रक्चर्ड, ₹स्कल्प्टेड₹ डेनिम पर केंद्रित हैं। इसके मुख्य लुक्स में ओवरसाइज़्ड सिलुएट्स, मिडी स्कर्ट्स के साथ 90 के दशक से प्रेरित मिनिमलिज़्म, और ट्रेनर-बूट्स जैसे हाइब्रिड ₹अग्ली₹ शूज़ शामिल हैं। ये अक्सर आरामदायक स्ट्रीटवियर को बेहतरीन टेलरिंग के साथ मिलाते हैं। मेटैलिक फ़िनिश और रेट्रो-फ़्यूचरिज़्म भी उभर रहे हैं।

## इस मौसम आपकी स्किन का ख्याल रखेंगे अखरोट के स्क्रब

इन दिनों ठंड लगभग जा चुकी है और गर्मी बढ़ने लगी है। ऐसे में अक्सर हमारी स्किन डल व बेजान नजर आने लगती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि डेड स्किन सेल्स स्किन पर जमा होने लगते हैं। अक्सर लोग विंटर में स्किन को एक्सफोलिएट नहीं करते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उनकी स्किन और भी ज्यादा रूखी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है। आप अपनी स्किन की केयर करने के लिए अखरोट का इस्तेमाल कर सकती हैं। अखरोट स्किन के लिए एक बेहतरी स्क्रब की तरह काम कर सकता है।



### अखरोट और जैतून के तेल से बनाएं स्क्रब

अखरोट एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट के रूप में कार्य करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाता है। वहीं, शहद में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं और जैतून का तेल भी आपकी स्किन को नरिश्ड करता है। सबसे पहले एक बाउल में बारीक पिसे हुए अखरोट, शहद और जैतून का तेल मिलाएं। अब नहाने से पहले इस स्क्रब को अपने चेहरे व शरीर पर लगाएं। करीबन 2-3 मिनट तक सर्कुलर मोशन में धीरे-धीरे मसाज करें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें। नहाने के बाद स्किन को मॉइश्चराइज करना ना भूलें।

### केले और अखरोट से बनाएं स्क्रब

आप केले और अखरोट की मदद से भी स्क्रब बना सकती है। केले में मौजूद विटामिन स्किन को पोषित करते हैं, जबकि अखरोट स्किन को एक्सफोलिएट करता है। इसी तरह, दही आपकी स्किन को सूदिंग इफेक्ट देती है।

### इस्तेमाल का तरीका

एक बाउल में अखरोट, मसला हुआ केला और दही मिलाएं। अब तैयार स्क्रब को अपने चेहरे व शरीर पर लगाएं। सर्कुलर मोशन में कुछ मिनट तक मसाज करें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें।

एवोकाडो विटामिन और फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो स्किन को हाइड्रेशन प्रदान करता है। वहीं, शहद भी आपकी स्किन की नमी को बनाए रखने में मददगार है। इसलिए, यह स्क्रब विंटर के लिए काफी अच्छा है।

### इस्तेमाल का तरीका

सबसे पहले एक बाउल में एवोकाडो लें और उसे अच्छी तरह मसल लें। अब आप इसमें अखरोट व शहद डालकर मिक्स करें। नहाने से पहले तैयार स्क्रब को स्किन पर लगाएं।


## रॉयल लुक के लिए साड़ी के साथ पहनें कुछ खास इयररिंग्स





रानी की तरह तैयार होना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए आप अलग-अलग तरह की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। खूबसूरत दिखना हर लड़की को पसंद होता है, खासकर रानियों की तरह तैयार होना। कई सारी लड़कियां उसी लुक के लिए एंटीक ज्वेलरी भी स्टाइल करना पसंद करती हैं, तो कुछ एक्सपेंसिव एक्सेसरीज को आउटफिट के साथ स्टाइल करती हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम कुछ इयररिंग्स खरीदकर तो ले आते हैं लेकिन जब वियर करते हैं तो रॉयल नहीं लगते हैं। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए इन इयररिंग्स डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।





### स्टोन वर्क डैंगलर इयररिंग्स

स्टोन वर्क ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है आप भी इस तरह की ज्वेलरी को इस बार रॉयल लुक के लिए ट्राई करें। इसमें आपको डैंगलर इयररिंग्स के काफी अच्छे और सुंदर डिजाइन मिलेंगे। जिन्हें आप साड़ी, सूट या फिर हैवी वर्क लहंगे के साथ भी वियर कर सकती हैं। इसमें एक लटकन भी आती है जिसमें सेम वर्क किया होता है। इसे भी आप वियर कर सकती हैं। वरना आप चाहे तो इसे हटा भी सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएंगे।

### डायमंड स्टोन इयररिंग्स

रॉयल लुक जो होता है उसमें कोई भी ज्यादा हैवी ज्वेलरी रोजाना पहनना पसंद नहीं करता है। ऐसे में आप भी डायमंड स्टोन वर्क वाले इयररिंग्स (इयररिंग्स डिजाइन) को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे, जैसे रेड स्टोन डायमंड इयररिंग्स, ग्रीन यहां तक की पूरा ग्रे भी मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिलेंगे।

## शादी के चूड़े को कराएं कस्टमाइज



बाजार में आपको चूड़ा कस्टमाइज कराने के लिए बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आपके लिए कुछ ऐसे ऑप्शन, जिन्हें देखकर आपको भी अपने लिए चूड़ा डिजाइन करवाने में मदद मिलेगी।

### पिंक चूड़ा डिजाइन

आजकल लहंगे के रंग के हिसाब से भी आपको मार्केट में चूड़ा मिल जाएगा। आजकल ब्राइडल लहंगों में पिंक कलर बहुत ट्रेंड कर रहा है। बाजार में आपको पिंक कलर के चूड़े में बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप चाहें तो इन्हें अपने हिसाब से कस्टमाइज भी करा सकती हैं। बाजार में चूड़ियों में एक नहीं कई तरह की वेराइट मिल जाएंगी। चूड़े के लिए मेटल या फाइबर की चूड़ियां बेस्ट रहती हैं। आप सिंपल या डिजाइन वाली कैसी भी चूड़ी अपने लिए चुन सकती हैं और इसके साथ आप मोती वाले डिजाइनर कड़े या फिर जरकन वाले कड़े लगा सकती हैं। यदि आपको और भी ज्यादा हैवी लुक में चूड़ा चाहिए तो पिंक के साथ आप मल्टी कलर वाले कुंदन और स्टोन वर्क से सजे ब्रॉड कड़े क्लब कर सकती हैं। यदि आप सिंपल लुक चाहती हैं, तो वेल्वेट कोटिंग वाली चूड़ियों के साथ जरकन के कड़े और चूड़ियां पेयर अप कर सकती हैं।

### लटकन वाला चूडा सेट

लटकन वाले चूड़ी सेट का फैशन नया नहीं है, मगर इसमें आपको ढेरों वेराइटी देखने को मिलेंगी। आप इस तरह का चूड़ा सेट भी बनवा सकती हैं। इसमें आपको झुमका लटकन, झालर लटकन और वॉटर ड्रॉप लटकन आदि मिल जाएंगे। लटकन वाले चूड़ा सेट के साथ आप फाइबर और मेटल की सिंपल चूड़ियों या जरी वर्क वाली चूड़ियों को क्लब कर सकती हैं। इस तरह के चूड़ा सेट में आप बीच-बीच में चूड़ी और डिजाइनर लुक वाले कड़े लगवा सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा हैवी वेट वाले कड़े न कैरी करें, वरना आपको हाथों के मूवमेंट में दिक्कत हो सकती है। यदि आप एक हाथ में 2 या 3 हैवी कड़े पहन रही हैं, तो आप 4 हैवी वेट चूड़ियां भी सेट में क्लब कर सकती हैं।

## दुपट्टा नहीं पहनना है तो अपनाएं खास डिजाइन



स्टाइलिश दिखने के लिए आपको सूट की स्टाइलिंग बॉडी के टाइप के अनुसार ही करनी चाहिए। इसके लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो कर सकते हैं। बदलते दौर में भी सलवार-सूट को काफी पसंद किया जाता है। इसमें रेडीमेड से लेकर आपको कस्टमाइज्ड लुक में भी सूट के काफी डिजाइन मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो मॉडर्न स्टाइलिंग को काफी पसंद किया जाने लगा है। आजकल बिना दुपट्टे के सलवार-सूट को पहनना बेहद पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सलवार-सूट के खास डिजाइंस जिन्हें आप बिना दुपट्टे के भी पहन सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### सिल्क लूज सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल सिंपल और लूज सूट को काफी पसंद किया जा रहा है। इस प्लेन सूट को डिजाइनर ब्रांड मिसरी बाय मेघना नय्यर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके का सूट आप चंदेरी सिल्क फैब्रिक खरीदकर किनारी लेस लगवाकर स्टाइलिश बना सकती हैं।

### लेस डिजाइन सूट

लेस में आजकल गोटा-पट्टी वर्क को काफी पसंद किया जा रहा है और इसके कई रेडीमेड डिजाइंस आपको ऑनलाइन देखने को आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह का सूट आप प्रिंटेड फैब्रिक लेकर भी बनवा सकती हैं। इस फ्लोरल डिजाइन शॉर्ट कुर्ती स्टाइल सूट को डिजाइनर पल्लवी जयपुर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के सूट के साथ आप सलवार या प्लाजो के लिए अलग-अलग तरह के रफल, लेस वर्क जैसे अन्य डिजाइन भी चुन सकते हैं।

### फ्लोर लेंथ सूट डिजाइन

गाउन स्टाइल सूट को आजकल पहनना काफी पसंद किया जा रहा है। इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर गोपी वैद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के मिलते-जुलते स्टाइलिश सूट खूब जचेंगे।

कार्नर न्यूज

### बनाइए अपनी वार्डरोब का हिस्सा, हर मौके पर लगेंगे खास

## मेंस सूट में चाहिए स्टाइल तो अपनाएं इन कलर्स को, आप के जलवे दिखेंगे महफिल में हर तरफ

मेंस स्टाइल में सूट ऐसा अटायर है, जिसके बिना मेंस वार्डरोब अधूरी है। ऑफिस की पार्टी हो या दोस्त की शादी, सूट ऐसा पहनावा है जिसको पहनकर स्मार्टनेस आना तय है। कुछ लोग तो सूट पहनने के इतने शौकीन होते हैं कि वे सूट का दमदार कलेक्शन रखते हैं। सूट की लोकप्रियता को देखते हुए बाजार में भी अब पहले की तरह ब्लैक या व्हाइट सूट ही नहीं मिलते। अब तो हरे, पिंक और यलो कलर तक के सूट बाजार में मिल रहे हैं।

लेकिन सवाल यह है कि आप सूट के किन कलर्स को प्रायोरिटी दें। इसके लिए आपको उन कलर का सिलेक्शन करना है, जो वर्सेटाइल एवरग्रीन हों और किसी भी फंक्शन में रंग जमा दें। अगर आप भी सूट के कलर का सिलेक्शन करने में कन्फ्यूज हैं तो परेशान न हो। आज हम आपको बताते हैं सूट के क्लासिक कलर के बारे में। आप भी सूट खरीदने का प्लान करने से पहले एक बार इस आर्टिकल को जरूर पढ़ लें।

### नेवी ब्लू है एवरग्रीन

सूट के कलर्स में नेवी ब्लू को एवरग्रीन कलर माना जाता है। सूट का ये कलर वर्ल्ड वाइड सबसे ज्यादा फेवरेट है। सूट



के बड़े-बड़े स्टोर भले ही किसी कलर को बल्क में रखें या न रखें, लेकिन इसे तो बिल्कुल रखते हैं। नेवी ब्लू कलर सिंपल और स्टेट फार्वर्ड है। इसे एक जेंटलमैन कलर भी कह सकते हैं। नेवी ब्लू कोट-पेंट के साथ जरूरी नहीं कि आप ज्यादा महंगी शर्ट पहनें। यह कलर इतना कंपलीट और डोमिनेटिंग है कि इसके साथ कोई भी सिंपल मोनोक्रोम कलर की शर्ट पहन सकते हैं। वी-शेप बॉडी के ऊपर नेवी ब्लू कलर क्लासी लगता है। कारण है बॉडी के हिसाब से सूट की फिटिंग। फिट बॉडी और सूट की फिटिंग, दोनों ही बॉडी शेप को उभारते हैं। नेवी ब्लू कलर में एक खासियत और है, वो ये कि यह कलर आपकी उम्र कम यानी आपको यंग दिखाता है।

### चारकोल ग्रे सूट

चारकोल ग्रे और नेवी ब्लू कलर में पहले कॉम्पिटीशन था कि पसंद के मामले में पहले पायदान पर कौन है। बाजी भले ही नेवी ब्लू ने मारी हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि चारकोल ग्रे किसी मामले में कमतर है। नेवी ब्लू के बाद सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला कलर चारकोल ग्रे ही है। वैसे ये कलर हर एज ग्रुप के लड़कों पर अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप यंग है और अपनी पर्सनैलिटी को सीरियस दिखाना चाहते हैं तो यह कलर बेस्ट है। चारकोल ग्रे ईजी टू मैच है। इसके साथ आप किसी भी कलर, किसी भी पैटर्न और किसी भी फैब्रिक की शर्ट पहन सकते हैं। जब बात फार्मल क्लोथिंग की हो तो चारकोल ग्रे बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप ऑफिशियल-नॉन आफिशियल मीटिंग्स या किसी फैमिली फंक्शन में कैरी कर सकते हैं।

### कैम्ब्रिज ग्रे या मीडियम ग्रे

ग्रे कलर में कई ऑप्शन हैं। इसका एक शेड कैम्ब्रिज भी है। कैम्ब्रिज ग्रे, चारकोल ग्रे से थोड़ा हल्का होता है। लेकिन दिखने में यह भी चारकोल ग्रे जैसा ही स्टाइलिश है। अगर आप कैम्ब्रिज ग्रे सूट पहनते हैं तो यह चारकोल ग्रे शेड से एक दो प्वाइंट हल्का ही रहेगा। इसलिए ग्रे के इन दोनों शेड्स में कनफ्यूज न हों। वर्सेटिलिटी के मामले में भी ये चारकोल ग्रे जैसा ही वर्सेटाइल है। हालांकि यह नेवी ब्लू और चारकोल ग्रे जैसा फार्मल तो नहीं है, फिर भी इसे अलग-अलग मौकों पर पहना जा सकता है।

### लाइट ग्रे सूट

ग्रे के ऊपर बताए गए दोनों शेड के मुकाबले यह कलर लाइट है। लाइट ग्रे की खासियत यह है कि आप इसे हर मौसम में पहन सकते हैं।

